# देशबन्धु

वर्ष – 36 । अंक –163 । भोपाल, शनिवार, 14 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

तेज हवा और आंधी से कई मकान और पेड़ों को पहुंचा नुकसान — पृष्ठ 2
▸ अब आजीविका और नौकरियों पर ध्यान केंद्रित हो
▸ मिरज में मौजूद है, सितार को 'जन्म' देने की परंपरा? — पृष्ठ 4
▸ बिजली की अघोषित कटौती पर ग्रामीण का गुस्सा फूटा, सड़क पर उतरे — पृष्ठ 6
मेट्रो रेल परियोजना के कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। पहले जत्थे में 50 लोग सिक्किम के नाथू ला दर्रे के रास्ते जाएंगे। यह यात्रा 21 दिन में पूरी होगी। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया और उनकी सुरक्षित और संतोषजनक यात्रा की कामना की।

### योग पर वैश्विक सम्मेलन आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 'योग कनेक्ट 2025 एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप में 14 जून यहां ' योग कनेक्ट 2025 एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश के योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, उद्योग नेताओं, शोधकर्ताओं और वैश्विक प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे।

### 3 दिन की यात्रा पर पुदुचेरी जाएंगे धनखड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को तीन दिन की यात्रा पर पुडुचेरी जाएंगे। धनखड़ सोमवार को जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जिपमर) द्वारा 'राष्ट्र निर्माण में पर्यावरणीय स्थिरता' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यात्रा के अंतिम दिन श्री धनखड़ पांडिचेरी विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बातचीत करेंगे। उप राष्ट्रपति पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं।

### ईडी की रिशु श्री के ठिकानों पर छापेमारी, 11.64 करोड़ नकद सहित दस्तावेज जब्त

**पटना, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पटना जोनल कार्यालय ने ठेकेदार रिशु श्री के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत कार्रवाई करते हुए तीन राज्यों में उसके ठिकानों पर छापेमारी कर 11.64 करोड़ रुपए की नकदी और कई दस्तावेज जब्त किए हैं। ईडी ने बिहार के पटना और मुजफ्फरपुर, गुजरात के सूरत और हरियाणा के पानीपत में नौ स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और लगभग 11.64 करोड़ रुपए नकद जब्त किए गए।

### देश में कोरोना के सक्रिय मामले घटे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आने से सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 7131 रह गई। शुक्रवार को सुबह आठ बजे तक कोरोना संक्रमण के 23 नए सक्रिय सामने आये और एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। गुरुवार को कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 7154 तक पहुंच गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से केरल में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। यह वायरस हालांकि अब आपातकालीन स्तर का खतरा नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि कोरोना इन्फ्लूएंजा की तरह मौसमी रूप से फैलता रहता है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक लगभग 10,976 लोग इस वायरस के संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार संक्रमण के नये उभरते वेरिएंट, विशेष रूप से एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गये एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट के कारण हो रहा है। इन वेरिएंट्स की जांच चल रही है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश के 28 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है, जबकि तीन राज्यों त्रिपुरा, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में सक्रिय मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

ईरान पर इजरायल का बड़ा हमला

# परमाणु ठिकाने तबाह, 20 से ज्यादा कमांडर ढेर



**तेलअवीब, नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया पर एक बार फिर परमाणु विस्फोट का खतरा मंडरा रहा है। इजरायल ने ईरान के कई परमाणु ठिकानों, शोध संस्थान और एयरबेस तबाह कर दिए हैं। रिहायशी इलाकों में भी भारी तबाही देखी गई। जवाबी हमलों में ईरान ने 100 ड्रोन से इजरायल पर हमला किया है। इस बीच परमाणु हमले की भी धमकी दी जा रही है।**



- इजराइल की एयर स्ट्राइक में ईरान के चार एटमी ठिकाने तबाह
- सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की मौत
- हमले में दो सैन्य अड्डे भी हुए बर्बाद
- ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लगा झटका

इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के 4 एटमी और 2 सैन्य ठिकानों पर 200 फाइटर जेट से मिसाइलें दागीं। हमले में ईरान के सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स के चीफ, 2 बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत 5 बड़े अफसर मारे गए। हमले में 20 बड़े सैन्य अफसरों कमांडरों के मारे जाने की खबर भी है। हमले के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा कि– ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था, इसलिए उस पर हमला किया गया। इजराइली सेना का दावा है कि ईरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है।

इजराइल ने इसीलिए टारगेट भी 4 बड़े न्यूक्लियर प्लांट्स को किया। वहीं हथियार बनाने की क्षमता रखने वाली एक फैक्ट्री और बड़े मिलिट्री अफसरों के रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को भी तबाह कर दिया। इस्राइली वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने ईरान के नतांज इलाके में मौजूद उसके सबसे बड़े यूरेनियम फैसिलिटी सेंटर पर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने की सलाह

ईरान पर इजराइल के हवाई हमले के बाद भारत ने दोनों देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने और स्थानीय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने जारी परामर्श में कहा कि ईरान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया एकाउंट में दी जाने वाली सलाह का पालन करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

### ईरान ने परमाणु डील नहीं की, इसलिए हमला : ट्रंप

इजराइल–ईरान तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप ने ईरान को चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान परमाणु समझौता कर ले वरना और बड़ा हमला झेलना होगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान ने परमाणु डील नहीं की इसलिए उस पर हमला हुआ। उन्होंने कहा कि सबकुछ खत्म होने से पहले ईरान को यह डील कर लेनी चाहिए। इजराइल ने सुबह 200 फाइटर जेट्स से 6 ठिकानों पर हमला किया था। इसमें कई परमाणु ठिकाने और मिलिट्री साइट्स को निशाना बनाया गया। इसके बाद ईरान ने दोपहर में इजराइल पर जवाबी हमला किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराए। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। ट्रंप ने कहा कि ईरान को बहुत जोरदार झटका मिला है लेकिन अभी और भी बहुत कुछ होना बाकी है।

अहमदाबाद विमान हादसे का सच आएगा सामने

# इमारत की छत पर मिला ब्लैक बॉक्स



- हादसे में अब तक 270 लोगों के शव बरामद
- विमान हादसे की जांच में जुटीं एनआईए समते 7 एजेंसियां
- पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी के शव की पहचान नहीं, डीएनए जांच जारी

**अहमदाबाद/नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट एआई–171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैशा होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। एअर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक–एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए जांच के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। मंत्रालय ने बताया कि डीएफडीआर को छत से बरामद किया गया है। हादसे की जांच में एनआईए समते 7 एजेंसियां शामिल हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी के शव की पहचान होते ही राजकोट में अंतिम संस्कार होगा। उनका बेटा शनिवार को अमेरिका से लौटेगा।

इससे पहले, पुलिस और दमकल अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस ब्लैक बॉक्स का विश्लेषण हादसे की वजहों को समझने में अहम भूमिका निभाएगा। अहमदाबाद के दमकल अधिकारियों ने बताया कि मेटल कटर जैसे खास उपकरणों से लैस एक टीम को मेघाणीनगर इलाके में दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था। यह इलाका हवाई अड्डे के पास स्थित है, जहां गुरुवार दोपहर बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जहां पर काफी मशक्कत के बाद टीम ब्लैक बॉक्स को खोजने में सफल रही। पहले सूत्रों ने बताया कि जिस बी.जे. मेडिकल ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### मोदी ने घटना स्थल का किया दौरा, पीड़ितों से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह अहमदाबाद पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने घटनास्थल का दौरा किया। इसके बाद वे सिविल अस्पताल गए, जहां वे करीब 10 मिनट पीड़ितों से मिले। उन्होंने मेघाणीनगर में क्रैश हुई एअर इंडिया फ्लाइट के पीड़ितों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराए गए एकमात्र जीवित यात्री से भी मुलाकात की। मोदी के साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने हादसे के बारे में सूचना दी। वहीं दूसरी ओर मोदी ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जिनकी अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। 68 वर्षीय रूपाणी लंदन जाने वाली उड़ान के 241 यात्रियों में शामिल थे।

### सेवानिवृत्त जज से कराई जाए हादसे की जांच : खड़गे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दुख जताया है। उन्होंने हादसे की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को या तो सुप्रीम कोर्ट के किसी मौजूदा जज या रिटायर्ड जज से जांच करानी चाहिए ताकि पता चल सके कि यह दुर्घटना क्यों हुई और इसका कौन जिम्मेदार है। साथ ही मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस समेत सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं से घायलों और मृतकों के परिवारों की मदद करने की अपील की। खरगे ने कहा कि सरकार पीड़ितों को वित्तीय और चिकित्सा सहायता सहित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने की पूरी जिम्मेदारी ले। सरकार को यह तय करना चाहिए कि सभी घायलों को प्राथमिकता के आधार पर उपचार मिले। उन्होंने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए घटना की उच्च स्तरीय जांच की भी मांग की।

### हर उड़ान से पहले बोइंग 787 की होगी जांच : डीजीसीए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश 12 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे में 241 लोगों की मौत के एक दिन बाद जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि बोइंग के 787–8 और 787–9 हवाई जहाजों की हर उड़ान से पहले जांच होगी। सभी रिपोर्ट्स डीजीसीए को सौंपी जाएंगी। डीजीसीए ने एअर इंडिया को जेनएक्स इंजन वाले बोइंग 787–8 और 787–9 विमानों के अतिरिक्त रख रखाव का निर्देश दिया है। यह आदेश 15 जून से लागू हो जाएगा। टाटा ग्रुप की एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787–8 और 7 बोइंग 787–9 हैं। हर उड़ान ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई–379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी। एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था। विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिग की। सभी यात्री और क्रू सेफ हैं, किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है।

उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी से हाल बेहाल

## मप्र–उप्र सहित 9 राज्यों में लू का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में मानसून 29 मई से मुंबई–छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका है। साउथ और नॉर्थ–ईस्ट के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर–चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, जबकि सुबह की 67 प्रतिशत आर्द्रता ने गर्मी को और असहनीय बना दिया है।

**25 जून तक दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत पहुंचेगा मानसून**

वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार रहा। आज से मौसम में ठंडक घुलने लगेगी। अधिकतम तापमान घटकर 41 डिग्री और न्यूनतम 29 डिग्री हो जाएगा। 15 जून को यह गिरावट और तेज होगी, जब अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 28 डिग्री दर्ज किया जाएगा। इन दिनों के लिए थंडरस्टॉर्म विद रेन का पूर्वानुमान है, जिससे मौसम राहत भरा रहेगा। 16 और 17 जून को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 27–28 डिग्री के आसपास रहेगा। इसके साथ ही 18 और 19 जून को भी गरज के साथ बारिश की संभावना बनी रहेगी। इन दोनों दिन न्यूनतम तापमान 26 डिग्री और अधिकतम 37 से 38 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। नमी की मात्रा 80–85 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह बारिश जहां आम लोगों को गर्मी से राहत देगी, वहीं किसानों के लिए भी यह सकारात्मक संकेत है। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है। कर्नाटक के हुबली में भारी बारिश हुई। इससे कई जगह बिल्डिंग के बेसमेंट और सड़कों पर पानी भर गया। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

फ्रांस के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

## मप्र बनेगा भारत-फ्रांस सांस्कृतिक और पर्यटन सहयोग का नया केंद्र



**भोपाल, देशबन्धु।** फ्रांस और मध्यप्रदेश के बीच संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष मुख्यमंत्री निवास, समत्व में एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह मध्यप्रदेश को भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र बनाएगा। इस ऐतिहासिक एमओयू पर भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ, प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला और अलायंस फ्रांसेज़ डी भोपाल के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता अगले तीन वर्षों के लिए वैध होगा और आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

### प्रदेश की संस्कृति को मिलेगा वैश्विक मंच : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत और फ्रांस के साथ सम्बन्ध हमेशा से अच्छे रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस दौरे के बाद यह और प्रगाढ़ हुए है। मध्यप्रदेश फ्रांस के साथ सांस्कृतिक संबंधों के साथ व्यापारिक सम्बन्धों के लिए भी तत्पर है। उनकी आगामी माह फ्रांस यात्रा प्रस्तावित है। भारत और फ्रांस के बीच औद्योगिक विकास की दृष्टि से, उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और शिल्प कलाओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से परस्पर सहयोग की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को न केवल देश की सांस्कृतिक राजधानी बल्कि एक प्रगतिशील, वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी दूरदृष्टि को साकार करता है। प्रदेश के कलाकारों को वैश्विक मंच मिलेगा और फ्रांस तथा यूरोप से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमें मध्यप्रदेश सरकार के साथ इस महत्वपूर्ण सहयोग को स्थापित करते हुए बहुत खुशी हो रही है। फ्रांस मुख्य रूप से पर्यटन, सुरक्षा, पर्यावरण और शिक्षा पर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## गेस्ट के बयान पर एंकर दोषी नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने टीवी टॉक शो के दौरान उसमें भाग लेने वाले एक व्यक्ति के कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गिरफ्तार आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार कोमिनेनी श्रीनिवास राव की जमानत याचिका शुक्रवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता राव को राहत दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि गेस्ट के बयान पर एंकर दोषी नहीं हो सकता। पीठ ने जमानत देते हुए कहा कि उन्होंने (राव) खुद यह (कथित आपत्तिजनक) टिप्पणी नहीं की। इसलिए उनके बोलने की स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा, यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता ने खुद यह बयान नहीं दिया है, लाइव टीवी शो में उनकी पत्रकारिता की भागीदारी की रक्षा की जानी चाहिए। उनके बोलने की स्वतंत्रता की भी रक्षा की जानी चाहिए, याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

**शीर्ष अदालत ने आंध्र के पत्रकार राव को दी जमानत**

शीर्ष अदालत ने जमानत पर विचार करते हुए याचिकाकर्ता की उम्र पर भी गौर किया और कहा कि वह लगभग 70 साल के वरिष्ठ पत्रकार हैं। तेलुगु पत्रकार कोम्मिनेनी श्रीनिवास राव को टेलीविजन शो में पैनलिस्ट द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान के सिलसिले में आंध्र प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया था। राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि केएसआर को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए, क्योंकि उनकी जमानत याचिका पहले से ही लंबित है। राज्य के विरोध के बावजूद, सर्वोच्च न्यायालय ने केएसआर की रिहाई का आदेश दिया, इस तथ्य पर प्रकाश डालते हुए कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की थी और पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा करने की आवश्यकता पर बल दिया। राव को निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में एक प्रतिभागी की ओर से कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में आंध्र प्रदेश पुलिस ने नौ जून को गिरफ्तार किया था। इस मामले में की गई शिकायत में कहा गया था कि उन टिप्पणियों ने महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

गुना में झमाझम बारिश, गिरा तापमान

# तेज हवा और आंधी से कई मकान और पेड़ों को पहुंचा नुकसान

### एक सप्ताह तक शहर में इसी तरह मौसम बना रहेगा और लगभग रोजाना बारिश होने की संभावना है : मौसम विभाग



**गुना, देशबन्धु।** लगभग एक सप्ताह से तीखी धूप और चुभने वाली गर्मी का सामना कर रहे लोगों को थोड़ी राहत मिल गई है। शुक्रवार को दोपहर बाद गुना जिले का मौसम अचानक बदला और लगभग एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बादलों ने करीब 1 इंच यानी 27 मिलीमीटर पानी बरसाया, जिसने कम से कम धूप से लोगों को निजात दिला दी है। हालांकि बारिश से पहले जोरदार आंधी और तूफान आया, जिसकी वजह से शहर सहित जिलेभर में कई जगह पेड़ गिरने और कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचने की जानकारी सामने आ रही है। बता दें कि गुना जिले का तापमान जून के दूसरे सप्ताह में 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है, जो आमतौर पर असामान्य माना जाता है। क्योंकि जून के दूसरे सप्ताह में अक्सर तापमान में गिरावट आती है। लेकिन इस बार मई के महीने में बूंदाबांदी दर्ज की गई थी और जून शुरु होते ही लोगों ने तीखी धूप का सामना करना पड़ रहा था। इतना ही नहीं 11 जून को मौसम का सर्वाधिक तापमान 45.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद लगने लगा था कि मई में राहत देने वाला तापमान जून के महीने में लोगों को परेशान करने वाला है। हालांकि शुक्रवार दोपहर बाद मौसम अचानक बदल गई। सबसे पहले तेज हवाएं चलने का सिलसिला शुरु हुआ, इसके बाद आसमान पर तेज बिजली गरजी और थोड़ी देर बाद झमाझम बारिश शुरु हो गई। गुना में हुई पहली बारिश राहत के साथ थोड़ी आफत भी लेकर आई है। तेज आंधी चलने की वजह से गुना के जाट मोहल्ला स्थित मंदिर घाट के पास सालों पुराना एक पेड़ धराशयी हो गया। इसी के साथ पूरे मोहल्ले की बिजली गुल हो गई। इसी तरह कैंट रोड स्थित एक सरकारी आवास के पास भी पुराना पेड़ गिरने की खबर सामने आई है। तेज बारिश के बाद एक तरफ मौसम का मिजाज बदला तो दूसरी ओर लगभग आधे शहर की बिजली गुल हो गई और स्वाभाविक रूप से बिजली कम्पनी को एक बहाना भी मिल गया। दरअसल, मौसम में आ रहे परिवर्तन के साथ ही गुना शहर में बीते तीन दिनों से बिजली का भी बुरा हाल है। 11-12 जून की दरमियानी से बिजली की लुका-छिपी ने लोगों को परेशान कर दिया था। हालांकि अब शहर में बारिश का सिलसिला शुरु हो चुका है। मौसम विभाग का कहना है कि एक सप्ताह तक शहर में इसी तरह मौसम बना रहेगा और लगभग रोजाना बारिश होने की संभावना है। जिसके बाद लोगों को गर्मी से पूरी तरह निजात मिलने की भी उम्मीद जताई जा रही है।

हाईवे पर लूट की योजना बना रहे 6 बदमाश गिरफ्तार

# अवैध हथियार और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद




**गुना, देशबन्धु।** गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ अपनी निरंतर कार्रवाई जारी रखते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। धरनावदा थाना पुलिस ने गादेर के पास बोरखेड़ा के जंगल में हाईवे पर वाहनों से लूटपाट की योजना बना रहे 06 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के कब्जे से एक देशी कट्टा, 02 जिंदा राउण्ड, एक तलवार, एक धारिया, एक कुल्हाड़ी सहित चोरी की 02 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। जानकारी के अनुसार 12 जून की रात धरनावदा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गादेर के पास बोरखेड़ा के जंगल में 05-06 बदमाश हाइवे से गुजरने वाले वाहनों से लूटपाट करने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही धरनावदा थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रभात कटारे ने हमराह फोर्स के साथ तत्काल गादेर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को दो मोटरसाइकिलें खड़ी मिलीं और पास ही 5-6 लोग आपस में बातें करते हुए दिखे। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकडने् का प्रयास करने पर बदमाशों में भगदड़ मच गई, लेकिन पुलिस ने सभी 06 बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक देशी कट्टा, दो जिंदा राउण्ड, एक तलवार, एक धारिया, एक कुल्हाड़ी, टॉर्च, रस्सी आदि के अलावा चोरी की दो मोटरसाइकिलें (एक होंडा साइन और एक स्प्लेंडर) जब्त की हैं। पुलिस द्वारा इन मोटरसाइकिलों के मालिकों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने अपने नाम 1-कोहिनूर पुत्र रेवत पारदी (उम्र 24 साल), 2-रामजाने पुत्र दिलीप पारदी (उम्र 25 साल), 3-शिवम उर्फ दादी पुत्र तेगा पारदी (उम्र 24 साल), 4-राजेंद्र पुत्र देवी सिंह पारदी (उम्र 50 साल), 5-रामनिवास उर्फ काड़ा पुत्र मायाराम पारदी (उम्र 25 साल) एवं 6-नीरज पुत्र धीरव पारदी (उम्र 22 साल), सभी निवासी ग्राम कनेरा, थाना धरनावदा, जिला गुना बताए। पूछताछ में उन्होंने हाईवे पर आने-जाने वाले वाहनों को रोककर लूटपाट करने के लिए एकत्रित होना स्वीकार किया। सभी 06 बदमाशों के विरुद्ध धरनावदा थाने में अप.क्र. 143/25 धारा 310(4), 310(5), 310(6) बीएनएस एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तारशुदा आरोपियों से पुलिस अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। गुना पुलिस की इस सतर्कता और तत्पर कार्रवाई के चलते लूटपाट जैसी संगीन वारदातें होने से पहले ही पुलिस ने बदमाशों को दबोचकर उनके मंसूबों को नाकामयाब कर एक उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की है। यह कार्रवाई गुना पुलिस का अपराध और अपराधियों के विरुद्ध एक सशक्त कदम है, जो अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करने में सहायक होगा। एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमति दीपा डोडवे के नेतृत्व में धरनावदा थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे, झागर चौकी प्रभारी सउनि राजीव गौड़, सउनि रामगोपाल सिंह तोमर, सउनि सैय्यद साजिद खांन, प्रधान आरक्षक प्रदीप कुशवाह, प्रधान आरक्षक देवेंद्रपाल सिंह सिकरवार, प्रधान आरक्षक कमलेश सैनी, आरक्षक सत्येंद्र गुर्जर, आरक्षक राकेश गुर्जर, आरक्षक रघुकुल तिलक मिश्रा, आरक्षक धर्मेंद्र धाकड़, आरक्षक ऋषिकेश शर्मा, आरक्षक नीरज शर्मा, आरक्षक राघवेंद्र बुंदेला, आरक्षक राजेश परिहार, आरक्षक विनीत लोधी, आरक्षक भूपेंद्र गुर्जर, आरक्षक चालक सुंदर रमन आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान

# 11 साल पुराने मारपीट के मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशानुसार जिले में फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राघौगढ़ थाना पुलिस ने 11 साल पुराने मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में, राघौगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक जुबेर खान और उनकी टीम ने इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया। यह मामला वर्ष 2014 का है, जब आरोपी दीवान सिंह पुत्र बलराम बंजारा निवासी ग्राम आनंदपुर मोईया, थाना राघौगढ़, जिला गुना पर मारपीट का आरोप लगा था। उसके खिलाफ राघौगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया था। न्यायिक कार्यवाही से लगातार फरार रहने के कारण, माननीय न्यायालय राघौगढ़ ने प्रकरण क्रमांक 631/15 में आरोपी दीवान सिंह बंजारा के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया था।

### कैसे हुई आरोपी की गिरफ्तारी

पुलिस लगातार वारंटी दीवान सिंह बंजारा की तलाश कर रही थी। हाल ही में मिली एक मुखबिर सूचना के आधार पर राघौगढ़ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी दीवान सिंह बंजारा उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में राघौगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक जुबेर खान, सहायक उपनिरीक्षक सीताराम धुर्वे, आरक्षक अवधेश शाक्य, आरक्षक नंदकिशोर वाथम और आरक्षक दीपक कुशवाह की विशेष भूमिका रही।

# धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में कल से 30 जून तक लगेंगे शिविर

**छतरपुर, देशबन्धु।** जनजातीय हितग्राहियों को उनकी पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के लिए 15 से 30 जून तक धरती आबा जन भागीदारी अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत हर जनपद पंचायत एवं ग्राम स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में जनजातीय हितग्राहियों को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाते, छात्रवृत्ति जैस अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। बताया गया है इस अभियान में 18 विभागों को शामिल किया है। जो कैम्प में अपनी योजनाओं से जनजातीय हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित करेंगे। कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया ।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में

# हनुमान कॉलोनी में पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

### गायत्री महायज्ञ के सफल आयोजन में महिला मंडल और कॉलोनीवासियों का विशेष योगदान



**गुना, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गुना की हनुमान कॉलोनी में 11वां पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आज, शुक्रवार को सुबह 8 बजे से श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ. इस आयोजन में हनुमान कॉलोनी के समस्त परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गायत्री महायज्ञ की आहुतियों के साथ विश्व कल्याण और भारत के राष्ट्र गुरु बनने की कामना की।

गायत्री परिवार गुना महिला मंडल की जिला प्रभारी उमा शर्मा, गीता योगी, सविता सोनी, लीला रजक, सविता धाकड़, पद्मा श्रीवास्तव, ज्ञान नामदेव और शारदा नामदेव के विशेष योगदान से यह आयोजन संभव हुआ। गायत्री परिवार महिला मंडल और ट्रस्ट गुना द्वारा गुना की समस्त कॉलोनियों में पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज हनुमान कॉलोनी में यह यज्ञ संपन्न हुआ। शाम 5 बजे से दीप यज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम आचार्य द्वारा पंच कुण्डीय गायत्री यज्ञ और दीप यज्ञ की परंपरा प्रारंभ की गई थी, जिसे आज समस्त गायत्री परिवार आगे बढ़ा रहा है। इस पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के सफल आयोजन में महिला मंडल और सभी कॉलोनीवासियों का विशेष योगदान रहा।

मधुसूदनगढ़ का मामला, मचा हड़कंप

# मीट मार्केट के पास खड़ी पिकअप वाहन में लगी भीषण आग



**मधुसूदनगढ़, देशबन्धु।** मधुसूदनगढ़ में मीट मार्केट के समीप रात में खड़ी एक पिकअप वाहन में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना देर रात करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है, जब अधिकांश लोग सो रहे थे, जिसके कारण आग काफी देर तक किसी की नजर में नहीं आई। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन में आग लगने के बाद रात के समय वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने इसकी सूचना वाहन मालिक को दी। सूचना मिलने के बाद नगर परिषद के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है। फरियादी मोनू पुत्र शिवनारायण सेन, निवासी मधुसूदनगढ़ वार्ड क्रमांक 06 की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्यवाही जारी है।

आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। आगजनी की घटना में करीब 6 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

परिजनों से विवाद के बाद घर से निकली महिला

# बेटी को फोन कर कहा- अपना और भाई को ध्यान रखना अब नहीं मिलूंगी

### पुलिस ने मुंगावली से ढूंढ निकाला तो बेटी के गले मिलकर रोने लगी

**अशोकनगर, देशबन्धु।** अशोकनगर में एक महिला पति, चाचा ससुर एवं अन्य परिजनों से विवाद के बाद घर से चली गई। उसने बेटी को फोन कर कहा कि वह अपने और भाई का ध्यान रखे। महिला ने यह भी कहा कि वह अब कभी नहीं मिल पाएगी। घबराई हुई बेटी एसपी विनीत कुमार जैन के कार्यालय पहुंची। एसपी ने तुरंत कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान और साइबर सेल के एएसआई संजय गुप्ता को मामले में लगाया। महिला की लोकेशन ओर रेलवे स्टेशन के पास मिली। एसपी ने मुंगावली थाने की पुलिस को भी मौके पर भेजा। उन्होंने ट्रैक के आसपास लगातार सर्चिंग की।

महिला ट्रेन में सवार थी और आगे बढ़ रही थी। कुछ समय के लिए उसका फोन बंद हो गया। वह मुंगावली रेलवे स्टेशन पर उतर गई। फोन चालू हुआ तो पुलिस ने महिला से संपर्क किया और बताया कि उसकी बेटी की तबीयत खराब है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह सुनकर महिला सीधे अस्पताल पहुंच गई। वहां बेटी से मिलते ही वह गले लगकर रोने लगी। इसके बाद पुलिस उसे अशोकनगर वापस ले आई। महिला कोतवाली थाना क्षेत्र के घोसी मोहल्ला के रहने वाली है।

ग्वालियर हाईकोर्ट में डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग

# सावित्री बाई फुले बहुजन संगठन ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर हाईकोर्ट में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा लगवाने की मांग को लेकर सावित्रीबाई फुले बहुजन संगठन ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। गुना जिला प्रशासन के जरिए सौंपे गए ज्ञापन में संगठन ने प्रतिमा लगाने का विरोध करने वाले वकीलों को मनुवादी कहकर संबोधित किया है।इससे पहले सावित्री फुले बहुजन संगठन की कृष्णा धौलपुरिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं गुना कलेक्ट्रेट पहुंचे। महिलाओं के हाथों में बैनर और पोस्टर थे। सभी महिलाएं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नारे लगा रहीं थीं। संगठन के पदाधिकारियों ने कहाकि बाबा साहब ने केवल एक ही समाज के लिए काम नहीं है, बल्कि उन्हें समानता के अधिकार पर जोर दिया। जिसका नतीजा है कि आज देश में हर समाज को बराबर के अधिकार हैं और सभी समानता के साथ रहते हैं। लेकिन ग्वालियर हाईकोर्ट में कुछ मनुवादी वकीलों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा लगाने का विरोध किया जा रहा है, कानूनी अड़ंगे डाले जा रहे हैं। जिसके विरोध में सावित्रीबाई फुले बहुजन संगठन गुना सहित प्रदेशभर में ज्ञापन देगा और ग्वालियर हाईकोर्ट में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने के लिए संघर्ष करेगा।

ओरछा रोड थाना क्षेत्र का मामला

# युवती ने अपहरण और दुष्कर्म के आरोप लगाकर मांगा न्याय

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने उसका अपहरण और दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपी पर कार्यवाही वाकई मांग की है। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी पीड़िता ने खीरमहेरी गांव के युवक पर 2023 से छेड़छाड़, धमकी देने बलात्कार करने सहित वीडियो बनाकर ब्लैकमेल व मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि वह छतरपुर की चौबे कॉलोनी के बालिका छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती है। 2023 में जब वह छतरपुर के गर्ल्स स्कूल में पढ़ती थी तब खीरमहेरी निवासी साहिल सिंह पिता राजू सिंह चंदेल उससे छेड़छाड़ करता था।

वह अपराधिक प्रवृत्ति के कारण उसे धमकाता था। डर की वजह से उसने यह बात किसी को नहीं बताई। पीड़िता के मुताबिक 5 मई 2025 को साहिल ने फोन कर धमकी देकर उसे महाराजा कॉलेज स्टेडियम के पास बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपी ने उसे जबरन कार में बैठाया और खीरमहेरी के सुनसान इलाके में ले जाकर गाड़ी के शीशे बंद कर दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने घटना का वीडियो बनाया और इसे वायरल करने की धमकी दी। 1 जून 2025 को साहिल ने वीडियो डिलीट करने का झांसा देकर उसे फिर बुलाकर दोबारा दुष्कर्म का दबाव बनाया। पीड़िता ने उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की तो साहिल ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

# कालोनी में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव

**गुना, देशबन्धु।** गुना के जगनपुर हड्डीमील क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एलआईजी स्कीम से बनी कॉलोनी में रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सरकारी कॉलोनी होने के बावजूद, जहां बेहतर सुविधाओं की उम्मीद थी, वहां अंधेरा, गंदगी और पानी की समस्या ने निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है।

कॉलोनी निवासी सुशीला वर्मा के पति ग्यारसीलाल वर्मा ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि वे पिछले 10 महीने से लगातार परेशान हैं। लाइट आए दिन गुल होती रहती है। पानी की लाइन फूट जाती है तो 8 दिनों तक ठीक नहीं की जाती। हमारे घर के सामने कचरे का ढेर पड़ा हुआ है, उन्होंने बताया। स्थिति इतनी गंभीर है कि आसपास के मजदूर वर्ग खुले में शौच करने कर जाते हैं, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। निवासियों का आरोप है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर नगरपालिका के चक्कर काटकर थक चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां रहने वाले कई लोगों ने अपनी नौकरी की पूरी कमाई लगाकर इन घरों को खरीदा है, इस उम्मीद के साथ कि उन्हें एक बेहतर जीवन मिलेगा। हालांकि, उनका कहना है कि उन्हें अब नरक जीवन जीना पड़ रहा है। इस कॉलोनी में बिजली की अनियमित आपूर्ति, पेयजल लाइनों का क्षतिग्रस्त होना और समय पर मरम्मत न होना, तथा कचरा प्रबंधन का अभाव प्रमुख समस्याएं हैं। इन बुनियादी सुविधाओं की अनुपलब्धता ने निवासियों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों से इस ओर तत्काल ध्यान देने और निवासियों को राहत प्रदान करने की अपील की जा रही है।

### कालोनी की लाइट आए दिन गुल होती रहती है , फूटी पानी की लाइन ठीक नहीं होती

आए दिन लाइट आए दिन गुल होती रहती है। पानी की लाइन फूट जाती है तो 8 दिनों तक ठीक नहीं की जाती। हमारे घर के सामने कचरे का ढेर पड़ा हुआ है, उन्होंने बताया। स्थिति इतनी गंभीर है कि आसपास के मजदूर वर्ग खुले में शौच करने कर जाते हैं, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। निवासियों का आरोप है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर नगरपालिका के चक्कर काटकर थक चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां रहने वाले कई लोगों ने अपनी नौकरी की पूरी कमाई लगाकर इन घरों को खरीदा था।

जिला अस्पताल में गंभीर लापरवाही

# ओ की जगह प्रसूति को चढ़ा दिया बी पॉजीटिव रक्त, कलेक्टर से शिकायत की

**गुना, देशबन्धु।** गुना जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि लगभग एक महीने पहले प्रसव के आई महिला को प्रसूति वार्ड में पदस्थ स्टाफ और ब्लड बैंक की लापरवाही के चलते गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ा दिया। इसके बाद महिला की तबियत लगातार बिगड़ रही है। उसे एक महीने में तीसरी बार जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ गया है। जानकारी के मुताबिक बांसखेड़ी क्षेत्र में रहने वाली ललिता पत्नि मनोज अहिरवार को 17 मई को प्रसव के लिए प्रसूति वार्ड में भर्ती कराया गया था। प्रसव के समय महिला का हीमोग्लोबीन कम पाया गया था, जिसके बार ड्यूटी डॉक्टर ने प्रसूता को ब्लड चढ़ाने की सलाह दी। महिला के ससुराल रामसिंह अहिरवार प्रसूति वार्ड का पर्चा लेकर ब्लड बैंक पहुंचे, जहां उन्हें स्टाफ ने ब्लड दे दिया। आरोप है कि ब्लड चढ़ाते ही ललिता अहिरवार को परेशानी होने लगी। इसके बाद पूरा स्टाफ ललिता की तीमारदारी में लग गया। ललिता के ससुर राम सिंह अहिरवार का दावा है कि उन्होंने ब्लड लाते समय पॉकेज का फोटो खींच लिया था, जिसमें बी पॉजीजिटव लिखा हुआ था। जबकि ललिता को ओ पॉजीटिव ब्लड चाहिए था। ललिता की तबियत बिगड़ी तो स्टाफ ने ब्लड की पॉकेट रामसिंह को वापस करने के लिए, जिसपर उन्हें संदेह हो गया। इस तरह महिला के ससुर ने स्वयं पड़ताल करते हुए यह पाया कि ब्लड बैंक में पदस्थ स्टाफ ने उन्हें ओ पॉजीटिव के स्थान पर बी पॉजीटिव ब्लड थमा दिया था। इससे भी गंभीर बात यह है कि प्रसूति वार्ड में पदस्थ स्टाफ ने बिना देखे गलत ग्रुप का ब्लड ललिता अहिरवार को चढ़ा दिया। जिससे उसे उसकी तबियत बिगड़ गई थी। हालांकि 18 मई को ललिता का प्रसव हो गया। लेकिन इसके बाद बार-बार उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है। जिसके चलते परिजन परेशान हैं। ललिता अहिरवार के ससुर ने इस मामले में सिविल सर्जन से शिकायत की है। जब सुनवाई नहीं हुई तो वे जनसुनवाई में भी पहुंचे, लेकिन अब तक न तो मामले की जांच हुई है और न ही किसी दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### दोषी कर्मचारी दंडित हों

अस्पताल में सामने आए लापरवाही के इस गंभीरतम मामले ने अन्य मरीजों की चिंता भी बढ़ा दी है। पीड़ित परिवार दावा कर रहा है कि वह कार्रवाई होने तक चुप नहीं बैठेगा, जिला अस्पताल को दोषी कर्मचारियों को दंडित करना ही होगा, ताकि दोबारा इस तरह की लापरवाही का मामला सामने न आ सके।

# बीडीए का बाबू 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## लोकायुक्त की कार्रवाई, नामांतरण के लिए मांगी थी घूस



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के बाबू को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबू ने नामांतरण के लिए रिश्वत की मांग की थी, जिसकी शिकायत फरियादी द्वारा लोकायुक्त पुलिस से की गई थी, जिस पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के मुताबिक बैरसिया रोड निवासी घनश्याम राठौर ने आवेदन देकर शिकायत में बताया कि बीडीए के बाबू शहाब उद्दीन सिद्दीकी ने मकान के नामांतरण कराने के एवज में फीस के साथ ही 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की है।

फरियादी राठौर ने शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने मकान के नामांतरण के लिए आवेदन दिया था। लेकिन 4 महीने बीत जाने के बाद भी काम नहीं हुआ। जब उन्होंने कारण पूछा तो बाबू ने स्पष्ट तौर पर रिश्वत की मांग की। बाबू बिना रिश्वत के नामांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं कर रहा था। तंग आकर घनश्याम ने भोपाल लोकायुक्त कार्यालय में इसकी लिखित शिकायत दी।

शिकायत की जांच के बाद आज दोपहर आरके सिंह उप पुलिस अधीक्षक की टीम ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए आरोपी को रंगे हाथ पकड़कर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## स्कूल प्राचार्य से की पूर्व जैसे ही फीस व्यवस्था करने की मांग

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के उपनगर न्यू यार्ड में संचालित होने वाले पश्चिम मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य से ग्राम पंचायत मेहरागांव के पंच शेख फारूख और बच्चों के अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूल में जैसे पहले फीस जमा होती थी। उसी व्यवस्था के अनुसार फीस जमा कराई जाए। वहीं न्यूयार्ड क्षेत्र वासियों द्वारा स्कूल प्रबंधन के इस मनमाने नियम का विरोध किया गया। बताया जा रहा है कि पिछले सालों से एक नियम बच्चों के अभिभावक पर जबरिया थोपा जा रहा है। रेलवे स्कूल प्रबंधन के इस नियम के तहत अभिभावक को एक साल की पूरी फीस जमा करना है और यदि अभिभावक फीस नहीं दे पाए तो जुर्माना लगेगा। जो कि गलत है क्योंकि बहुत सारे बच्चों के अभिभावक परेशान है। इतना ही नहीं जिस परिवार के दो बच्चे स्कूल में अध्यनरत हैं उन पर तो इस नियम के वजह से आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। जिसको लेकर मेहरागांव पंचायत के पंच फारुख शेख एवं न्यू यार्ड क्षेत्रवासियों द्वारा रेलवे स्कूल के प्राचार्य और प्रबंधन से इस मनमाने नियम को वापस लेने की मांग की है। स्कूल प्रबंधन से पूर्व की तरह ही थी इसकी व्यवस्था को यथावत रखने की मांग की गई है।

### नशीली दवाओं की रोकथाम को लेकर बैठक आयोजित

# नशा मुक्ति के लिए समन्वित प्रयास जरूरी : कलेक्टर




**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए विनाशकारी है,इसके दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराना आवश्यक है ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके। श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी व सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों एवं कॉलेजों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि 12 जून से 26 जून तक एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चौरसिया, एडीएम प्रकाश नायक, नारकोटिक्स नोडल एसडीओपी सुश्री मंजू चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अब तक 30 परिवारों का कराया समझौता

# महिला थाने के प्रयास से परिवार को टूटने से बचाया गया



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में महिला थाना टीकमगढ़ द्वारा पारिवारिक विवादों के निवारण के उद्देश्य से की जा रही सक्रिय और संवेदनशील कार्यवाही के तहत दो परिवारों के बीच आपसी समझौते के माध्यम से समन्वय स्थापित किया गया, जिससे उनके टूटते हुए रिश्तों को पुन: जोड़ा गया । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी द्वारा एक और परिवार टूटने से बचाया गया दोनों पक्ष आपसी में प्रेम पूर्वक साथ रहने को तैयार हुए।

आवेदिका दीपा राजा पत्नी पहलवान सिंह निवासी टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ ने पति से प्रताड़ना के संबंध में महिला थाना टीकमगढ़ में आवेदन प्रस्तुत किया था । पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देशों के तहत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा एवं उप निरीक्षक धनवंती द्वारा पीड़िता के पति एवं ससुराल पक्ष को थाना बुलाकर काउंसलिंग की गई। संवाद एवं समझाइश के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच आपसी मनमुटाव को दूर कर उन्हें साथ रहने की प्रेरणा दी गई, जिस पर दोनों पक्ष प्रेमपूर्वक साथ रहने को सहमत हुए।

इन प्रयासों में महिला थाना टीकमगढ़ की टीम — निरीक्षक मनीष मिश्रा, उप निरीक्षक धनवंती, प्रधान आरक्षक अवधेश खटीक, महिला प्रधान आरक्षक नूरी एवं महिला प्रधान आरक्षक रामसखी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस द्वारा अब तक **कुल 30 परिवारों** को टूटने से बचाया जा चुका है। आमजन एवं संबंधित परिजनों द्वारा पुलिस के इस मानवीय और सुलझे हुए प्रयास की व्यापक सराहना की जा रही है।

## बिजली अघोषित कटौती एवं कम वोल्टेज की समस्या से आम नागरिक परेशान

**हरदा, देशबन्धु।** इस समय पड़ रही भीषण गर्मी से जहां लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है, वहीं बिजली की अघोषित कटौती से आमजन त्रस्त हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एक ओर तो प्रदेश की भाजपा सरकार 24 घंटे बिजली देने की बात करती है, घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं का प्रति यूनिट बिजली का बिल लगातार बढ़ाया जा रहा है, वहीं बिजली की अघोषित कटौती लगातार जारी है। अघोषित बिजली कटौती से आम जनता का जीवन दूभर होता जा रहा है। शहरी क्षेत्र में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पूरे साल, हर दिन मेंटेनेंस की बात करती है। मेंटेनेंस के नाम पर साल भर बिजली कटौती किए जाने के बाद भी लाइनों में फॉल्ट होना, डीपी ब्लास्ट होने जैसी घटनाएं आम हैं।

# 9 नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

## मतदान 7 जुलाई को

**भोपाल , देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 9 नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उप निर्वाचन के लिये मतदान 7 जुलाई 2025 को होगा।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 16 जून से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 23 जून, 2025 तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 जून है। इसी दिन अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जायेगा। मतदान 7 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 10 जुलाई को सुबह 9 बजे से होगी।

नगर पालिका परिषद बैरसिया के वार्ड 7, नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड 11, नगर परिषद सांवेर के वार्ड 7, गौतमपुरा के वार्ड 15, ककरहटी के वार्ड 13, बिछिया के वार्ड 13, खांड के वार्ड 8, न्यूटन चिखली के वार्ड 4 और नगरपरिषद भीकनगाँव के वार्ड 5 में पार्षद पद के लिये उप निर्वाचन होगा।

# गीतों के गांव चले आए कार्यक्रम आज नर्मदापुरम में

**भोपाल, देशबन्धु।** हिन्दी नवगीत के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर, नर्मदांचल के सर्वप्रिय कवि डॉ. विनोद निगम का पुण्य स्मरण प्रसंग-2 के तहत 'गीतों के गांव चले आए' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शनिवार की अपरान्ह साढ़े 3 बजे से पंडित रामलाल शर्मा हायर सेकेंड्री स्कूल नर्मदापुरम में शुरू होगा।

कार्यक्रम के आयोजनकर्ता सप्तक मित्र समूह के संयोजक सुरेश उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गीतकार लखनऊ के डॉ. सुरेश कार्यक्रम होंगे, अध्यक्षता पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा करेंगे। जबकि आयोजन में विशिष्ठ अतिथि के रूप में देश के वरिष्ठ साहित्यकार एवं मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पलाश सुरजन, प्रसिद्ध चित्रकार एवं कथाकार मनोज कुलकर्णी शामिल होंगे। श्री उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजली के साथ होगी। अतिथि सत्कार के बाद डॉ. विनोद निगम की कविता पर अशोक जमनानी का उद्बोधन होगा। तत्पश्चात डॉ. नमन तिवारी द्वारा डॉ. विनोद निगम के गीत पर संगीतमय गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। उसके उपरांत विशिष्ट अतिथियों को उद्बोधन होगा, बाद में मुख्य अतिथि द्वारा गृहविज्ञान महाविद्यालय में एमए हिंदी में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रा का सम्मान किया जाएगा। साहित्यकार डॉ. कृष्ण गोपाल मिश्र के कविता पाठ के बाद अध्यक्षीय उद्बोधन होगा। अंत में निगम जी के गीत के साथ डॉ. संजय गार्गव द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# भोपाल एयरपोर्ट के करीब के 2 दर्जन से ज्यादा मैरिज गार्डन को थमाए नोटिस

**भोपाल, देशबन्धु।** गुजरात के अहमदाबाद में विमान हादसे के बाद प्रशासन ने भोपाल में सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट के 2 दर्जन से ज्यादा मैरिज गार्डन को नोटिस थमा दिए हैं। ये मैरिज गार्डन संचालक शादी समारोह में लेजर लाइट का उपयोग कर रहे थे, जिससे कि पायलटों को विमान उतारते समय परेशानी आ रही थी।

बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय ने संचालकों को शुक्रवार को नोटिस जारी किए। इसमें कहा है कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने विगत 9 अप्रैल को भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम की धारा 163 के तहत एयरपोर्ट से मुबारकपुर चौराहा एवं संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) तक के क्षेत्र में लेजर बीम, उच्च तीव्रता वाली रोशनी और स्काई फायर वर्क्स के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंधित किया था।

इसके बाद भी गार्डन में शादी के कार्यक्रमों के दौरान इनका उपयोग हो रहा है। बता दें कि लेजर लाइट आसमान में करीब 150-200 मीटर तक ऊंची जाती है। ऐसे में विमान को उतारते समय पायलट को परेशानी होती है।

एसडीएम राय के मुताबिक आज मैरिज गार्डन संचालकों से बात कर उन्हें नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई है। इसके बाद भी यदि वे नहीं मानते हैं तो गार्डन को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए नियमित रूप से टीमें मैदान में उतरकर जांच करेगी।

## एनआईओएस परीक्षा केन्द्रों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक सार्वजनिक परीक्षा अगामी अक्टूबर-नबम्बर में आयोजित करने के लिए परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए सरकारी और गैरसरकारी, स्कूल अथवा महाविद्यालयों से ऑनलाईन (www.exams.nios.ac.in) पर आवेदन मांगे गए हैं। ये आवेदन 11जून से लेना शुरू किया जा चुका है, जो कि आगामी 11 जुलाई तक लिए जाएंगे। आगामी अक्टूबर-नबम्वर की परीक्षाएं अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होना प्रस्तावित हैं। आवेदन के लिए संबंधित समस्त जानकारी और विस्तृत दिशा निर्देशों के लिए एन.आई.ओ.एस. की वेबसाइट (www.exams.nios.ac.in) और (https://exams.nios.ac.in./registration/index) पर प्राप्त की जा सकती है।

### प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल

# 24 हितग्राहियों की सूची में 22 लखपतियों को किया गया शामिल

▶ कलेक्टर कार्यालय में दर्ज कराई शिकायत



**पलेरा, देशबन्धु।** पक्का घर हर गरीब का सपना होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना इसी सपने को साकार करने के लिए शुरू की गई थी, ताकि देश के अंतिम व्यक्ति को भी सिर पर छत मिल सके। लेकिन जब यही योजना भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े की भेंट चढ़ जाए तो इससे बड़ी नाइंसाफी गरीबों के लिए और क्या हो सकती है।

दरअसल पीएम आवास योजना में केंद्र सरकार नगरीय इलाकों में मकान बनवाने के लिए ढाई लाख रुपये देती है। नियम के अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले व्यक्ति को पहले आवेदन पत्र ऑनलाइन करना पड़ता है, फिर नगर परिषद के अधिकारी जिनमें जूनियर इंजीनियर, राजस्व निरीक्षक आदि ऑनलाइन आवेदनों की जांच करते हैं और इसके बाद उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हैं, जिसके आधार पर पात्र लाभार्थी के नाम पात्र सूची जारी करते हुए धनराशि दी जाती है। लेकिन पलेरा नगर में बीते दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जारी की गई 24 हितग्राहियों की सूची में से 22 अपात्र हितग्राहियों के नाम शिकायती आवेदन पत्र मुख्यमंत्री, सांसद समेत खरगापुर विधायक एवं जतारा एसडीएम से लेकर, कलेक्टर एवं कमिश्नर कार्यालय तक भेजे गए हैं। शिकायतकर्ता इमरान खान ने आवेदन पत्र देते हुए बताया कि पलेरा नगर में जिन 24 हितग्राहियों के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र घोषित किए गए हैं, उनमें से 19 हितग्राहियों के पक्के मकान नगर में मौजूद है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा जारी की गई पात्रता सूची में शामिल सोमवती-कैलाश अहिरवार, सुरेश-रमाशंकर सोनी, काश देवी-हीरालाल बसोर, घनश्याम-प्यारेलाल बंशकार, माया देवी-हल्काई सूत्रकार, शोभा-धर्मेंद्र सिंह राजा, लाल कुमार-चंद्रभान अहिरवार, राघवेंद्र-किशोरी चौरसिया, रामलाल-रजू अहिरवार, जसोदानंदन-मातादीन यादव, लाडकुवंर-रामदीन अहिरवार, सद्दाम हुसैन-जमाल मोहम्मद के पक्के मकान नगर में मौजूद होने के अलावा ट्रैक्टर अन्य वाहन एवं कृषि भूमि भी शामिल है। इसके अलावा पात्रता सूची में शामिल निक्की देवी-धनेंद्र अहिरवार का मुख्य सड़क पर करोड़ों रुपए का पक्का मकान है, साथ ही यह पार्षद पुत्र बधु है। आशिक अली -सलीम मोहम्मद के मुख्य मार्ग पर दो मकान मौजूद है। ननकाई-फुलले अहिरवार, शहीदन खातून-शरीफ खान, बाबूलाल-तिसोले अहिरवार, लखन-गुल्लू अहिरवार, घनश्याम-हीरा अहिरवार के भी नगर में पक्की मकान है, जिसकी जांच की जानी चाहिए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 6 में बृजेंद्र-पुरुषोत्तम रजक को पात्रता सूची में शामिल किया गया है, जबकि उनकी पत्नी महिला बाल विकास कार्यालय में कर्मचारी हैं, पिता शासकीय शिक्षक हैं। पात्र हितग्राही बृजेंद्र अतिथि शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। इसी प्रकार सूची में शामिल वार्ड क्रमांक 8 में ममता-राकेश अहिरवार शासकीय मॉडल स्कूल में चपरासी के पद पर पदस्थ हैं। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 8 मेंलाडकुवंर-रामदीन अहिरवार हमेशा मजदूरी का काम करने बाहर निवास करते हैं। वार्ड क्रमांक 7 में सुरेश-रमाशंकर सोनी एवं वार्ड क्रमांक 9 में शकुंतला-लखन सोनी पलेरा नगर के मूल निवासी नहीं है। यह कुछ समय पूर्व ही यहां नगर में निवासरत हैं।

जारी की गई सूची में जमकर किया गया भ्रष्टाचार-

नगर की 15 वार्डो में से चयनित 24 आवास हितग्राहियों को लेकर पार्षद से लेकर चयन प्रक्रिया में शामिल अधिकारी कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप लगे हैं। यह दर्शाता है कि कैसे जिन पार्षद और कर्मचारियों पर व्यवस्था की नींव टिकी होती है, वही चंद पैसों के लालच में गरीबों का हक छीनने पर उतर आए हैं। आरोप है कि अपात्र लोगों को योजना का लाभ दिया गया और इसके बदले में मोटी रिश्वत ली गई। समूचे नगर में चर्चा फैली हुई है कि है कि इस पूरे खेल में वार्ड पार्षद से लेकर मुखिया तक भी शामिल बताए जा रहे हैं।

वोट बैंक की राजनीति और व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते वे इस बात को नजरअंदाज कर देते हैं कि किसी एक अपात्र को लाभ पहुंचाना,जो जरूरतमंदों के साथ अन्याय है। नागरिकों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने के लिए कई स्तरों पर जांच और सत्यापन की प्रक्रिया होती है। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में गड़बड़ियों का उजागर होना गंभीर चिंता का विषय है। यह मामला केवल भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि गरीबों के साथ विश्वासघात का भी है ।अब सवाल यह उठता है कि क्या जिला कलेक्टर विवेक श्रोतिय की कार्रवाई केवल कुछ कर्मचारियों तक सीमित रहेगी, या फिर इस पूरे भ्रष्ट तंत्र की जड़ तक सफाई की जाएगी, फिलहाल यह देखना अभी बाकी है।

## चिकित्सकों का सम्मेलन 15 को

**हरदा , देशबन्धु।** इंडियन मेडिकल एसोशिएसन द्वारा 15 जून को होटल हवेली में चिकित्सा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि यह पहला अवसर होगा जब जिले में 16 से अधिक सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर एक ही मंच पर एकत्रित होंगे। सम्मेलन में भोपाल से प्रमुख वक्ताओं में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित भटनागर व डॉ. माधुरी नागोरी, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. हर्षिता शर्मा, कार्डियक सर्जन डॉ. दिलीप राठौर, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. स्वप्निल गार्डे, न्यूरोसर्जन डॉ. राहुल जैन, गैस्ट्रो एंट्रोलॉजिस्ट डॉ. पियूष मनोरिया, डॉ. प्रॉमिस जैन, सीनियर फिजीशियन डॉ. अतुल्य सौरभ, एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. मयूर अग्रवाल, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. शैली माहेश्वरी, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मेघना पवार तथा डेंटिस्ट डॉ. प्रीयेश अग्रवाल शामिल होंगे।


कार्यालय जनपद पंचायत साँची
जिला रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक/.....ज.पं./2025 साँची, दिनाँक 14.06.2025

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि, कार्यालय जनपद पंचायत सांची के लिये मासिक दर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु टैक्सी कोटे में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रो रजिस्टर्ड एक चार पहिया वाहन बोलेरो/स्कार्पियो समकक्ष किराये से ली जानी है। इस हेतु सीलबंद निविदाएँ पंजीकृत फर्मों ट्रेवल्स से निर्धारित फार्म में दिनांक **14.06.2025** से दिनांक **21.06.2025** अपरान्ह 03.00 बजे तक कार्यालय जनपद पंचायत सांची में आमंत्रित की जाना है।

उक्त प्राप्त निविदाएँ दिनांक **23.06.2025** को समय दोपहर 04.00 बजे जनपद पंचायत सांची में उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा फार्म राशि रू. 100/- के नगद राशि भुगतान कर कार्यालयीन समय में लेखा शाखा जनपद से प्राप्त किया जा सकता है। शेष विस्तृत जानकारी श्री घनश्याम सिंह रघुवंशी, लेखापाल, जनपद पंचायत सांची से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत साँची जिला रायसेन**



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
माखनपुरम परिसर, मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के सामने
बिशनखेड़ी, भोपाल-462044

प्रवेश सूचना 2025-26

विश्वविद्यालय के भोपाल एवं रीवा परिसरों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में संचालित होने वाले पत्रकारिता, जनसंचार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रसारण पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, नवीन मीडिया, डिजिटल पत्रकारिता, फिल्म प्रोडक्शन, मीडिया शोध, मीडिया व्यवसाय प्रबंधन, कम्प्यूटर अनुप्रयोग, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एवं एनिमेशन, वाणिज्य, ई-कॉमर्स, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग, हिन्दी भाषा एवं अनुवाद तथा इंग्लिश जर्नलिज्म के स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पत्रोपाधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। **आवेदन 16 जून 2025 की मध्यरात्रि तक** किए जा सकते हैं।

| अधिक जानकारी के लिए विजिट करें | ऑनलाइन आवेदन के लिए विजिट करें |
|---|---|
| www.mcu.ac.in | https://mcrpv.mponline.gov.in/portal/ |

म.प्र. माध्यम/120612/2025 कुलसचिव

# अभिमत

**हम संख्याओं और विवादों से परे जाएं जिनमें से कुछ छोटे-छोटे दोष जान-बूझकर निकालने की तरह लग सकते हैं। यह स्पष्ट है कि उच्च आर्थिक विकास सभी लोगों के जीवन की बेहतरी की ओर अग्रसर है। विश्व बैंक ने नोट किया है कि अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों में से दो तिहाई लोग पांच राज्यों से आते हैं।**

## अब आजीविका और नौकरियों पर ध्यान केंद्रित हो



डॉ.अजीत रानाडे

विश्व बैंक के हाल के अनुमान में कहा गया है कि भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 34.40 करोड़ से घटकर 2022-23 में 7.50 करोड़ हो गई। यानी 11 वर्षों में 26.90 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी की दहलीज पार कर ली है। यह काफी प्रभावशाली और प्रशंसनीय है। गरीबी रेखा के संदर्भ में अत्यधिक गरीबी की क्रय शक्ति समायोजित एक तकनीकी परिभाषा है जिसे 2021 तक अपडेट किया गया है। अब यह 3 डॉलर प्रतिदिन है। गरीबी की एक अन्य संबंधित अवधारणा बहु-आयामी गरीबी सूचकांक (मल्टी डाईमेंशनल इंडेक्स-एमपीआई) के साथ घनिष्ठ संबंध रखने और उन्नत सर्वेक्षण के माध्यम से सटीक उपभोग आंकड़े एकत्र करने में भारत के लिए अपने सुधार का संज्ञान लेने के लिए भी इस अपडेट की आवश्यकता थी। गैर-तकनीकी शब्दों में विश्व बैंक की अत्यधिक गरीबी का अर्थ है ऐसे व्यक्तियों की आय इतनी कम होना है कि वह भोजन, स्वच्छ पानी, आश्रय और बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल की अपनी बुनियादी जरूरतों को भी पूरा नहीं कर सकता है।

इस तरह की कम आय की अभिव्यक्ति दीर्घकालिक भूख या अल्पपोषण, स्वच्छता तक पहुंच की कमी व बुनियादी प्राथमिक शिक्षा या प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच का अभाव में होती है। चरम रूप में इसका अर्थ भुखमरी से होने वाली मौतों का विस्तार भी है। इन गंभीर मानदंडों के अनुसार, भारत की अत्यधिक गरीबी दर अब जनसंख्या का 5.3 प्रतिशत है। इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि चूंकि भारत में 2011 से जनगणना नहीं हुई है इसलिए जनसंख्या के बारे में सटीक आंकड़ा या गरीबी अनुपात का भाजक अनुपलब्ध है। लेकिन कोई भी उचित अनुमान लगा सकता है। दुनिया में लगभग 83.80 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी में रहते हैं जिनमें से भारत के 7.50 करोड़ कुल आंकड़े का 9 प्रतिशत हैं। वैश्विक जनसंख्या में भारत की दोगुनी हिस्सेदारी को देखते हुए यह संतोषजनक है कि अत्यधिक गरीबी से निपटने के मामले में भारत वैश्विक औसत से आगे है। फिर भी कुल मिलाकर देखें तो भारत अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या में नाइजीरिया के बाद केवल दूसरे स्थान पर है। भारत की आबादी को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है लेकिन याद रखें कि चीन का अनुपात शून्य प्रतिशत के करीब है और चीनियों ने घोषणा की कि 2020 में ही उनके यहां अत्यधिक गरीबी समाप्त हो गई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में सतत विकास लक्ष्यों (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स-एसडीजी) की घोषणा की थी जिनमें से पहला लक्ष्य 2030 तक अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन था। इस प्रकार हमारे पास यह सुनिश्चित करने के लिए पांच साल बचे हैं कि हम एसडीजी के अनुसार अत्यधिक गरीबी से नीचे के लोगों के शून्य प्रतिशत के करीब पहुंचें। उल्लेखनीय है कि अत्यधिक गरीबी को मापने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली गरीबी रेखा 2017-18 में इस्तेमाल किए गए पहले के 2.15 डॉलर से 3 डॉलर में स्थानांतरित हो गई है। उस निचली सीमा के अनुसार भारत में 2023 तक केवल 33.70 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी में रह रहे हैं। लेकिन 3 डॉलर की उच्च रेखा अधिक उपयुक्त है क्योंकि यह सभी कम आय वाले देशों की औसत गरीबी रेखाओं से ली गई है जिससे अंतरराष्ट्रीय तुलना अधिक वैध हो जाती है। यह राष्ट्रीय सर्वेक्षण डेटा और कार्यप्रणाली को भी ध्यान में रखता है।

यूएनडीपी और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एमपीआई एक अधिक व्यापक उपाय है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर को कवर करने वाले दस मैट्रिक्स का उपयोग करता है। इनमें बाल मृत्यु दर, खाना पकाने के ईंधन का उपयोग, स्वच्छता एवं पीने के पानी तक पहुंच आदि जैसे विशिष्ट संकेतक शामिल हैं। एमपीआई को मापने के लिए नीति आयोग 10 के बजाय 12 संकेतकों का उपयोग करते हुए मातृ स्वास्थ्य तथा बैंक खाते तक पहुंच को भी जोड़ता है।

नीति आयोग के शोध के अनुसार भारत का एमपीआई 2013-14 में 29 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.3 फीसदी हो गया। इस विश्लेषण के अनुसार (और एक अनुपलब्ध जनगणना संख्या की चेतावनी के साथ) लगभग 24.80 करोड़ लोग एमपीआई गरीबी से बच गए। यूएनडीपी द्वारा दस संकेतकों के साथ गणना की गई एमपीआई जिसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय तुलना के लिए किया जाता है, के अनुसार 2019-21 के दौरान भारत की एमपीआई गरीबी दर 15 फीसदी थी जो नीति आयोग द्वारा गणना की गई तुलना में लगभग 4 प्रति सैकड़ा अधिक थी। चूंकि 2017-18 के लिए व्यापक उपभोग सर्वेक्षण डेटा गायब है इसलिए इस विसंगति को हल करना संभव नहीं है। वर्ष 2021-22 में यूएनडीपी एमपीआई हेडकाउंट अनुपात के अनुसार वैश्विक रैंक में 109 देशों में भारत 66 क्रमांक पर था। विश्व बैंक ने अत्यधिक गरीबी पर अपने नवीनतम आंकड़ों के लिए एक सुसंगत वैश्विक रैंकिंग जारी नहीं की है। एमपीआई गरीबी दर के लिए नीति आयोग के आंकड़ों के मुकाबले यूएनडीपी द्वारा दिखाए गए उच्च एमपीआई ने विवाद पैदा कर दिया। बिजली या बैंक खातों जैसे अतिरिक्त संकेतकों का उपयोग जो सार्वभौमिक पहुंच के करीब हैं इस सूचकांक को तोड़ते-मरोड़ते हैं और इसे अधिक आशावादी बनाते हैं। दूसरी ओर, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षणों जैसे गहन सर्वेक्षणों से पुष्टि होने से पता चला है कि एनीमिया और कुपोषण जैसे संकेतकों में गिरावट आई है जो निश्चित रूप से एमपीआई को प्रभावित करते हैं।

बहरहाल हम संख्याओं और विवादों से परे जाएं जिनमें से कुछ छोटे-छोटे दोष जान-बूझकर निकालने की तरह लग सकते हैं। यह स्पष्ट है कि उच्च आर्थिक विकास सभी लोगों के जीवन की बेहतरी की ओर अग्रसर है। विश्व बैंक ने नोट किया है कि अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों में से दो तिहाई लोग पांच राज्यों से आते हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र शामिल हैं। स्पष्ट रूप से अगले 12 वर्षों में इस स्थिति में आया व्यापक सुधार इन राज्यों में गहन और सफल प्रयासों के कारण था। गत पांच वर्षों से 81 करोड़ लोगों को दी गई मुफ्त खाद्यान्न योजना, निश्चित रूप से गरीबी उन्मूलन में एक बड़ा कारक है। इस योजना को और पांच वर्षों के लिए बढ़ाया गया है। स्वास्थ्य बीमा, पेयजल मिशन आदि जैसी सार्वभौमिक योजनाओं का प्रभाव भी ऐसा ही है।

इस मामले में आगे बढ़ते हुए यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि गरीबी रेखा से ऊपर जाने का मतलब यह नहीं है कि आप फिर इसके नीचे नहीं आ सकते। यदि आजीविका अनिश्चित है तो परिवार में मृत्यु या बीमारी अथवा नौकरी छूटने जैसा एक प्रतिकूल सदमा इसे फिर गरीबी में वापस धकेल सकता है।

इसलिए हमें एक साथ सार्थक और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा का निर्माण करने की आवश्यकता है। राजकोषीय संसाधन सीमित हैं, सरकार के ऋण को गुब्बारे की तरह नहीं फुलाया जा सकता इसलिए सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करने के लिए व्यय का कुछ पुनर्विन्यास जरूरी है। सामाजिक सुरक्षा लोक-लुभावनवाद के समान नहीं है यद्यपि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना इसका एकमात्र दीर्घकालिक तरीका है जो नियमित ढंग से आजीविका में सुधार कर सकता है। रोजगार सृजन का अर्थ है हजारों छोटे उद्यमों का निरंतर निर्माण और बड़े पैमाने पर कौशल व प्रशिक्षण देना।

इन सभी लक्ष्यों को अब नौकरियों पर खतरा पैदा कर रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी नई चुनौतियों के साथ हासिल करने होगें। कुल मिलाकर हमें जल्द ही सापेक्ष गरीबी व असमानता को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी क्योंकि उच्च आर्थिक विकास की लूट को शीर्ष पर बैठे कुछ लोगों को नहीं दिया जा सकता। अगले पांच वर्षों में अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन एक अच्छा मौका है लेकिन एक विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ने की यात्रा में हमें बहुत काम करना है।

**(लेखक जाने-माने अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

**इन सभी लक्ष्यों को अब नौकरियों पर खतरा पैदा कर रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी नई चुनौतियों के साथ हासिल करने होगें। कुल मिलाकर हमें जल्द ही सापेक्ष गरीबी व असमानता को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी क्योंकि उच्च आर्थिक विकास की लूट को शीर्ष पर बैठे कुछ लोगों को नहीं दिया जा सकता। अगले पांच वर्षों में अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन एक अच्छा मौका है लेकिन एक विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ने की यात्रा में हमें बहुत काम करना है।**

### बीता सप्ताह

**7 जून**
- पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया।
- मंत्री किरेन रिजिजू ने लांच किया उम्मीद पोर्टल, अब एक क्लिक में मिलेगी वक्फ संपत्ति की जानकारी।
- सऊदी/सीरिया के राजधानियों की सीधी उड़ाने 12 साल बाद फिर से शुरू हुई।
- चीनी ग्रह डिटेक्टर श्येनवन-2 ने की नई तस्वीरें अपलोड।

**8 जून**
- आरसीबी खिताबी जश्न में हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के दो अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया।
- केन्द्र सरकार ने जारी किया कोविड से हुई मौतों का आंकड़ा। 2022 में कोविड से 86.5 लाख मौतें।
- नार्वे के ग्रैंड मास्टर मैग्नस कार्लसन ने नार्वे शतरंज का 7वां खिताब जीत लिया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रविशंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिन सदस्य नियुक्त किया।

**9 जून**
- कोलंबियाई राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को एक रैली में गोली मार दी गई।
- मंगल पर मिला धरती से भी बड़ा ज्वालामुखी, मौना लोझा से भी दुगूनी ऊंचाई है।
- इंडियन क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी के सांसद प्रिया सरोज ने रचाई शादी।
- मई से मार्केट शेयर चार फीसदी हुआ पार, भारत में तेजी से बाद रही इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री।

**10 जून**
- छग के बस्तर में आईईडी ब्लास्ट में नक्सलियों ने एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे को निशाना बनाया। आकाश राव गिरेपुंजे शहीद हुए।
- ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय सेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलीट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को पदोन्नति दी गई।
- चीन ने सऊदी अरब, ओमान, कुवैत और बहरीन के लिए शुरू की वीजा मुक्त नीति।
- 10 वर्षीय अतीका मीर रोटैक्स यूरो ट्राफी में शीर्ष 10 में स्थान पाने वाली पहली भारतीय बनीं।

**11 जून**
- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खंरगे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर कहा कि लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव जल्द करवाएं।
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि पहलगाम हमला केन्द्र की लापरवाही का नतीजा है।
- छत्तीसगढ़ के बिलासपुर हाइकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली।
- जापान में व्यक्तिगत डेटा लीक होने का मामला रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है।

**12 जून**
- छग में बस्तर में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली बमन ढेर हो गया।
- कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह 6 वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित कर दिए गए।
- चीन ने जारी की दुनिया की पहली डीप-सी सीमाउंट डिजीटल इंटेलिजेंट प्रणालीद्ध
- संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बातचीत में टकराव की जगह संवाद जरिया बने।

**13 जून**
- गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान क्रेश 241 यात्रियों की मौत हो गई।
- राज्यसभा चुनाव में तमिलनाडु में 6 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित।
- गुरूदेव रविंद्रनाथ टैगोर के बंगलादेश में पैतृक निवास पर हमले और ध्वस्त करने की कृत्य का भारत ने निंदा किया।
- मंगलग्रह पर मिला धरती से भी बड़ा ज्वालामुखी। मौनालोआ से भी दुगूनी है ऊंचाई।

## पोषण और स्वास्थ्य से जूझ रहे 80 करोड़ भारतीयों के लिए जीडीपी रैंकिंग अप्रासंगिक

■ पी. सुधीर

नीति आयोग के सीईओ ने दावा किया है कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कम से कम इतना तो सच कहा कि यह बात अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक परिदृश्य में 2025-26 के अनुमानों पर आधारित थी। आगे विस्तार से जानने पर हमें ठीक-ठीक पता चलता है कि भारत की नाममात्र जीडीपी जापान के 4,186.431अरब डॉलर से थोड़ा आगे बढ़कर 4,187.017अरब डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है। यह बिलकुल अलग बात है कि भारत की प्रति व्यक्ति आय डॉलर के हिसाब से नाममात्र है और जो जापान की प्रति व्यक्ति आय का मात्र तेरहवां हिस्सा है। इसलिए, मोदी सरकार के आर्थिक थिंक टैंक के समर्थकों के बीच मौजूदा उत्साह, जिसे गोदी मीडिया के चाटुकारों द्वारा और बढ़ाया जा रहा है, विचित्र लगता है।

दरअसल, सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों को लेकर यह जुनून आकस्मिक नहीं है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान की विशेषता है। यह लोगों की स्थिति और उनकी आजीविका के बारे में जितना बताता है, उससे कहीं अधिक छिपाने में मदद करता है। वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा होते हुए भी, यह विकृति भारत में विशेष रूप से स्पष्ट है, जिसे अब दुनिया की सबसे असमान अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत की आबादी के शीर्ष 1 प्रतिशत के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, जबकि निचले 50 प्रतिशत के पास केवल 3 प्रतिशत है। आय असमानता भी उतनी ही स्पष्ट है - शीर्ष 10 प्रतिशत लोग राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत से अधिक कमाते हैं। इस संदर्भ में, समग्र जीडीपी और यहां तक कि प्रति व्यक्ति जीडीपी के प्रति जुनून केवल एक भ्रामक मीट्रिक नहीं है; यह तो कॉर्पोरेट-सामुदायिक गठजोड़ द्वारा सार्वजनिक चर्चा को विचलित करने के लिए जानबूझ कर बनाई जा रही हवा है।

इसका आधार स्पष्ट और जोरदार है। जैसा कि ब्राजील के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अल्फ्रेडोसाद-फिल्हो ने 2006 में देखा था, 'यह वित्त-संचालित नवउदारवादी शासन के तहत सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में गैर-हस्तक्षेप के वैचारिक आवरण के तहत एक आधिपत्य परियोजना को लागू करने के लिए राज्य शक्ति के व्यवस्थित उपयोग पर आधारित शोषण और सामाजिक वर्चस्व है।' वित्तीय बाजारों और अमेरिकी पूंजी के वैश्विक हितों के तहत, वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन पूंजी का मुख्य कार्य नहीं रह गया है। इसके बजाय, पूंजी अब मुख्य रूप से सट्टा वित्तीय गतिविधियों के माध्यम से अल्पकालिक सुपर-मुनाफा उत्पन्न करने के लिए तैनात की जाती है।

वित्त द्वारा मध्यस्थता, अर्थव्यवस्था में पूंजी के तीन मुख्य स्रोतों- राज्य वित्त, घरेलू बचत पूल और घरेलू और विदेशी पूंजी के बीच संबंध -पर नियंत्रण तेजी से अनियमित और केंद्रित हो गया है। यह गतिशीलता उस हताशा में परिलक्षित होती है जिसके साथ ट्रम्प प्रशासन ने घरेलू विनिर्माण नौकरियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास में टैरिफ युद्ध को आगे बढ़ाया। विडंबना यह है कि यह अमेरिका के नेतृत्व वाले साम्राज्यवाद के तत्वावधान में जिसमें वित्त का वैश्विक प्रभुत्व पहली बार स्थापित हुआ था। सदी के अंत में, 2000 में, वैश्विक विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) 400 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ गया, जबकि वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) केवल 65 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर था - प्रत्यक्ष निवेश के प्रत्येक डॉलर के लिए, स्टॉक और डेरिवेटिव जैसे सट्टा साधनों में सात डॉलर डाले गये। लगभग एक चौथाई सदी बाद, वित्त का प्रभुत्व और भी अधिक स्पष्ट है।

स्पष्ट रूप से, आईएमएफ के अनुमानित जीडीपी आंकड़े समकालीन पूंजीवाद के आंतरिक कामकाज या श्रमिक वर्ग के लिए इसके विनाशकारी परिणामों को समझाने के लिए अत्यल्प जानकारी प्रस्तुत करते हैं। भारत में, आबादी का शीर्ष 1 प्रतिशत कुल सकल घरेलू उत्पाद का 40 प्रतिशत नियंत्रित करता है। इसका मतलब है कि लगभग 1.4अरब लोगों की प्रति व्यक्ति आय केवल 1,670 अमरीकी डॉलर के आसपास रह गयी है। अगर हम देश की 62 प्रतिशत संपत्ति पर नियंत्रण रखने वाले शीर्ष 5 प्रतिशत लोगों को हटा दें, तो औसत और भी गिरकर लगभग 1,100 अमेरिकी डॉलर हो जाता है - जो सालाना 1 लाख रुपये से भी कम है। यह आबादी के भारी बहुमत द्वारा सामना की जाने वाली गंभीर वास्तविकता को दर्शाता है।

इस असमानता को और भी जटिल बनाता है जीडीपी योगदान में क्षेत्रवार विषमता। जीडीपी का बड़ा हिस्सा पूंजी-गहन सेवा क्षेत्रों और बड़े कॉर्पोरेट उद्यमों द्वारा उत्पन्न होता है। इस बीच, असंगठित अनौपचारिक क्षेत्रों और कृषि में लगे लोग - जो कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं - कुल जीडीपी में केवल एक नगण्य हिस्सा योगदान करते हैं। नतीजतन, बढ़ती बेरोजगारी के साथ-साथ स्थायी आय और आजीविका में संकट गहराता जा रहा है।

विश्व स्तर पर, धनी लोगों द्वारा नीति पर कब्ज़ा करने से कर नीतियों, नियामक ढांचे और सार्वजनिक निवेश निर्णयों को उनके लाभ के लिए आकार दिया गया है। भारत में, यह कब्ज़ा और भी तीव्र है। कॉर्पोरेट हितों की बढ़ती पकड़, साथ ही क्रोनीपूंजीवाद के उदय ने सार्वजनिक संपत्तियों- प्राकृतिक संसाधनों सहित - को निजी हाथों में व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित कर दिया है। जबकि कॉर्पोरेट मुनाफे में उछाल आया है, राष्ट्रीय आय में श्रम का हिस्सा घट गया है।

भारत में स्थिति विशेष रूप से विकट है। विमुद्रीकरण ने अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को गंभीर झटका दिया, जिसने व्यवधान का खामियाजा उठाया। कोविड-19 महामारी के बाद की स्थिति और भी खराब हो गयी। ऐसे माहौल में, अतिरिक्त रोजगार पैदा करने या स्थायी आय सुनिश्चित करने की कोई गुंजाइश नहीं है। कुल सकल घरेलू उत्पाद में नाममात्र की वृद्धि भी साझा समृद्धि का कोई सुबूत नहीं देती है। कामकाजी गरीबों और बेरोजगारों से परे, मध्यम वर्ग भी तेजी से असुरक्षित हो रहा है - न केवल पीछे छूट रहा है, बल्कि नीचे की ओर खिसकने का जोखिम भी है। धन के पुनर्वितरण नीतियों की अनुपस्थिति में, अभिजात वर्ग सार्वजनिक सेवाओं से बाहर निकलने का जोखिम उठा सकता है - विशेष निजी स्कूलों, कॉर्पोरेट अस्पतालों और बंद आवासीय समुदायों पर निर्भर करता है। यह सार्वभौमिक सार्वजनिक प्रणालियों में निवेश करने की राजनीतिक इच्छा को खत्म कर देता है।

इसलिए बुनियादी पोषण, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा से जूझ रहे 80 करोड़ भारतीयों के लिए, जीडीपी रैंकिंग अप्रासंगिक है। कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ का उदय आकस्मिक नहीं है; यह लोगों को पहचान के आधार पर विभाजित करने का काम करता है, जिससे शासन का निरंतर प्रभुत्व सुनिश्चित होता है। इस संदर्भ में, जनता द्वारा एकजुट एवं सामूहिक संघर्ष ही आगे बढ़ने का एकमात्र व्यवहार्य मार्ग है।

**सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों को लेकर यह जुनून आकस्मिक नहीं है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान की विशेषता है। यह लोगों की स्थिति और उनकी आजीविका के बारे में जितना बताता है, उससे कहीं अधिक छिपाने में मदद करता है। वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा होते हुए भी, यह विकृति भारत में विशेष रूप से स्पष्ट है, जिसे अब दुनिया की सबसे असमान अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है।**

## मिरज में मौजूद है, सितार को 'जन्म' देने की परंपरा?

■ नजरुल हक

दक्षिण महाराष्ट्र के सांगली ज़िले में, कर्नाटक की सीमा के पास स्थित ऐतिहासिक नगर मिरज पहली नज़र में साधारण सा प्रतीत हो सकता है। एक छोटा रेलवे जंक्शन, धूल भरे बाज़ार और शांत आवासीय मोहल्ले- ये सब इस नगर की गहराई और महत्व को तुरंत नहीं दर्शाते, लेकिन पिछले 150 वर्षों से अधिक समय से मिरज भारत के सांस्कृतिक नक्शे पर एक विशिष्ट स्थान रखता है- केवल शास्त्रीय संगीत के एक केंद्र के रूप में ही नहीं, बल्कि एक हस्तनिर्मित परंपरा के हृदय-स्थल के रूप में, जो अब भी दुनिया के बेहतरीन तार-वाद्य यंत्रों का निर्माण करती है।

जब आप उस संकरी गली में प्रवेश करते हैं जिसे पहले 'सितारमेकर गली' के नाम से जाना जाता था—और अब इसे आधिकारिक तौर पर 'फ़रीदसाहब सितारमेकर मार्ग' कहा जाता है—तो आप एक ऐसी दुनिया में पहुंच जाते हैं जहां लकड़ी, धातु और मानवीय स्पर्श मिलकर ऐसी ध्वनियां रचते हैं जो विश्व भर के संगीत सभागारों में गूंजती हैं। यह गली बहुत लंबी नहीं है, मुश्किल से कुछ सौ मीटर की, लेकिन इसका महत्व अत्यधिक है। यहीं पीढ़ियों से कारीगर सितार, तानपुरा, सरोद और वीणा जैसे तार-वाद्य यंत्रों को बनाते आए हैं—ऐसी तकनीकों से जो मौखिक परंपरा से चली आ रही हैं और जिन्हें अभ्यास, अंतर्ज्ञान और भक्ति से परिष्कृत किया गया है।

मिरज के सितार निर्माण केंद्र में बदलने की कहानी 19वीं सदी में शुरू होती है, एक दूरदर्शी कारीगर—फ़रीदसाहब सितारमेकर—के साथ। फ़रीदसाहब का जन्म 1827 में हुआ था। वे शिकलगारों के समुदाय से थे। ये मुस्लिम धातु-शिल्पकारों का एक समुदाय था जो मूलत: 17वीं सदी में बीजापुर के आदिलशाही शासन के दौरान मिरज में आकर बस गया था। ये कुशल कारीगर पारंपरिक हथियारों, जैसे-तलवारें, ढालें और कटार बनाने और मरम्मत करने में विशेषज्ञ थे। पीढ़ियों तक, उनके जीवन की लय थी: हथौड़े की टनटनाहट और लोहे पर पड़ती चोट।

लेकिन 18वीं और 19वीं सदी के आगमन के साथ गहरे परिवर्तन आए। बारूद वाले हथियारों के उदय, भारतीय रियासतों के पतन और ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के सुदृढ़ होने के कारण शिकलगारों की पारंपरिक कला अप्रासंगिक हो गई। अब जब युद्धों में तलवारों और भालों की आवश्यकता नहीं रही, तो उनका कौशल भी समाप्ति की कगार पर पहुंच गया। भारत के कई कारीगर समुदायों की तरह, उन्हें भी पुनर्निर्माण या विलुप्ति के बीच चयन करना पड़ा। कई शिकलगारों ने सामान्य बढ़ईगिरी, घरेलू औज़ार बनाने या धातु-सज्जा का काम अपनाया, लेकिन फ़रीदसाहब ने, जो उस समय सांस्कृतिक रूपांतरण के दौर से गुज़र रहे मिरज में रह रहे थे, एक अलग राह देखी।

उसी समय मिरज पर 'पटवर्धन वंश' का शासन था और श्रीमंत बालासाहब पटवर्धन (द्वितीय) को कला का विशेष संरक्षणकर्ता माना जाता था। उन्होंने उत्तर भारत से संगीतज्ञों को मिरज बुलवाया और बसाया, जिससे यह नगर हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का एक केंद्र बन गया। कलाकारों के साथ वाद्ययंत्र भी आए और उनके साथ उनकी मरम्मत, स्वरलयन और अंतत: विशेष निर्माण की ज़रूरतें भी।

फ़रीदसाहब ने तार-वाद्य यंत्रों की मरम्मत से शुरुआत की और उनके निर्माण की बारीकियों को गहराई से समझना शुरू किया। उनमें जन्मजात जिज्ञासा थी, वे टूटे-फूटे पुराने वाद्ययंत्रों को खोलकर उनके ध्वनि-विज्ञान को समझने का प्रयास करते थे। उनके वंशजों के बीच एक चर्चित किस्सा है कि फ़रीदसाहब कई हफ्तों तक एक सितार के पास सोते रहे, रात के अलग-अलग समय पर उसे थपथपाते रहते, ताकि आर्द्रता और तापमान का उसकी ध्वनि पर कैसा असर पड़ता है, यह जान सकें।

उनकी असली खोज तब हुई जब उन्होंने पाया कि स्थानीय खेतों में उगने वाली लौकी—जिनका उपयोग साधु जलपात्र के रूप में करते थे—ध्वनि अनुनाद (रेजोनेन्स) के लिए आदर्श होती हैं। ये लौकियां या तो स्थानीय खेतों से प्राप्त की जातीं या विशेष रूप से उगाई जातीं। इन लौकियों को धीरे-धीरे सुखाकर और संसाधित कर 'प्राकृतिक अनुनाद कक्ष' (रेजोनेटर) बनाया जाता था। अपने भाई मोइनुद्दीन की सहायता से फ़रीदसाहब ने हाथ से ही पूरी तरह सितार बनाना शुरू किया—लकड़ी की किस्मों, तारों के तनाव और जावरी (जो वाद्य के स्वरगुण को आकार देती है) के सूक्ष्म संतुलन पर प्रयोग करते हुए।

उनकी साधारण सी कार्यशाला से जो वाद्य निकले, उनमें एक विशिष्ट ध्वनि थी—गंभीर, समृद्ध और गहराई लिए हुए। धीरे-धीरे यह बात फैलने लगी। जैसे-जैसे मांग बढ़ी, फ़रीदसाहब ने अपने बेटों और शिष्यों को प्रशिक्षण देना शुरू किया। जल्द ही पूरे-के-पूरे परिवार इस कला में लग गए और 'सितारमेकर गली' एक जीवित संग्रहालय बन गई। समय के साथ मिरज उच्च गुणवत्ता वाले तारवाद्यों के पर्याय के रूप में प्रसिद्ध हो गया। भारत और दुनिया भर के संगीतज्ञ मिरज से विशेष आदेश पर वाद्य मंगवाने लगे।

20वीं सदी के मध्य तक मिरज के वाद्यों की ख्याति किंवदंती बन चुकी थी। पंडित रविशंकर—जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को पश्चिम में लोकप्रिय किया—ने मिरज से सितार बनवाए। उस्ताद विलायत ख़ान ने भी, जिनकी 'विलायतखानी' सितार शैली आज भी वाद्य-निर्माताओं को प्रेरित करती है, मिरज के सितारों को अपनाया। वास्तव में, कुछ मिरज में बने सितारों के नाम ही 'रविशंकर शैली' या 'विलायत ख़ान शैली' रखे गए हैं—ये नाम डिज़ाइन के स्वामित्व की बजाय उन विशिष्ट ध्वनि-गुणों को दर्शाते हैं जिन्हें ये महान संगीतज्ञ पसंद करते थे। एक बार विलायत ख़ान के एक शिष्य ने कहा था, 'मिरज का सितार केवल गाता नहीं है—वह सांस भी लेता है।'

आज भी मिरज के कारीगर किसी स्वचालित मशीनरी का उपयोग नहीं करते। उनके औज़ार सरल हैं—छीनी, रेसर, हस्त-ड्रिल और लकड़ी की क्लैंप। कार्यशाला की प्रक्रिया सहयोगी होती है: हर कारीगर किसी एक हिस्से में विशेषज्ञ होता है—चाहे वह तुम्बा (लौकी) को तराशना हो, डंडी (गर्दन) बनाना हो या फ़्रेट्स को स्वरलय देना हो।

जो बात मिरज को विशिष्ट बनाती है, वह है इसकी कला से निकटता और आत्मीयता। यहां वाद्य तैयार नहीं किए जाते, उन्हें 'जन्म' दिया जाता है—हर संगीतज्ञ की हथेली, शैली और ध्वनि-रुचि के अनुसार विशेष रूप से। एक मिरज का सितार बनकर तैयार होने में कई सप्ताह या महीने लग सकते हैं, यह उसकी जटिलता और कारीगर की व्यस्तता पर निर्भर करता है।

इस शिल्प का अधिकांश ज्ञान आज भी लिखित नहीं है। यह अवलोकन और मौखिक परंपरा के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होता है, जहां युवा शागिर्द अपने बड़ों की सहायता करते हुए सीखते हैं—लकड़ी की नसों, वार्निश की गाढ़ाई या फ्रेट संरेखण की बारीकियों को आत्मसात करते हुए। एक कारीगर ने कभी कहा था, 'आप केवल सितार बनाना नहीं सीखते—आप उसे जन्म लेने से पहले सुनना सीखते हैं।'

वैश्विक मान्यता के बावजूद, मिरज के कारीगर आज अनेक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। शास्त्रीय संगीत के श्रोताओं में गिरावट, सस्ते कारखाना-निर्मित वाद्यों की उपलब्धता और संस्थागत सहयोग की कमी इस कला के अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। फिर भी यह समुदाय डटा हुआ है। स्थानीय संगठनों और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने इन कारीगरों के काम का दस्तावेज़ीकरण करना शुरू किया है, कार्यशालाओं और प्रदर्शनियों का आयोजन भी हो रहा है। आधुनिक शास्त्रीय संगीतज्ञों में हस्तनिर्मित वाद्यों के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है, जिससे संरक्षण का एक धीमा, लेकिन स्थिर पुनरुत्थान हो रहा है।

आज भी जब आप 'फ़रीदसाहब सितारमेकर मार्ग' से गुजरते हैं, तो कार्यशालाओं में गहरी एकाग्रता-भरा सन्नाटा गूंजता है। युवा लड़के अपने पिता और चाचा की सहायता करते हैं—छोटे औज़ार पकड़ाते हुए, फ्रेट काटते या नए तने हुए सितार को सुर में मिलाते हुए। हवा में रोज़वुड के बुरादे और वार्निश की सुगंध है, और कहीं पीछे एक तानपुरा धीरे-धीरे गुनगुना रहा है।

**(लेखक आज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में प्राध्यापक हैं।)**

**वैश्विक मान्यता के बावजूद, मिरज के कारीगर आज अनेक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। शास्त्रीय संगीत के श्रोताओं में गिरावट, सस्ते कारखाना-निर्मित वाद्यों की उपलब्धता और संस्थागत सहयोग की कमी इस कला के अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। फिर भी यह समुदाय डटा हुआ है। स्थानीय संगठनों और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने इन कारीगरों के काम का दस्तावेज़ीकरण करना शुरू किया है।**

## सार–समाचार

### एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**रायसेन, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रमों का वृहद आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों (स्कूल शिक्षा/उच्च शिक्षा/ चिकित्सा शिक्षा/ तकनीकी शिक्षा/ आयुष/ नर्सिंग/ पशु चिकित्सा/कृषि शिक्षा) पॉलिटेक्निक, आईटीआई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक सस्थानों के विद्यार्थी शामिल होंगे। साथ ही योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन सहित आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### बिलहरी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिले पूर्व मंत्री, दिलाया भरोसा

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र



के ग्राम बिलहरी में कुछ दिन पूर्व, छात्र पंकज प्रजापति की गोली मारकर हत्या के मामले में शुक्रवार को पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह ने कुम्हार टोली पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले है। उन्होंने ने परिवार को न्याय का पूरा भरोसा दिलाया है।

पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा, आपको किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं। प्रशासन और हम सभी आपके साथ खड़े हैं। जिन्होंने यह जघन्य अपराध किया, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही, निर्दोष लोगों को गलत तरीके से फंसाया नहीं जाएगा। वहीं कुम्हार टोली निवासी पंकज के पिता भगवानदास प्रजापति ने दुख जताते हुए कहा मेरा इकलौता बेटा था, मेरे घर का चिराग बुझ गया। राशन मांगने की सजा उसे मौत मिली। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। इस दौरान उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी और थाना प्रभारी सतीश सिंह भी थे।

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन कल

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों में पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 15 जून को किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित हो रहे परीक्षार्थियों को सूचित किया गया है कि उनके प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 11 जून से उपलब्ध हैं। इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा स्थल पर प्रवेश पत्र, नीला या काला बॉल प्वाइंट पेन के अलावा अन्य कोई सामग्री जैसे मोबाइल, ईयर फोन, हेड फोन, ब्लूटूथ, स्मार्टवॉच, कॉपी, किताब अथवा अन्य कोई कनेक्टिविटी डिवाइस या नकल सामग्री लाने की सख्त मनाही है।

निचले इलाकों में जलभराव की गंभीर स्थिति

# बारिश पूर्व तैयारियों में जुटा प्रशासन, नाले के निर्माण में दिखी लापरवाही

**सांची, देशबन्धु।** जैसे–जैसे मानसून की आहट तेज हो रही है, वैसे–वैसे प्रशासन भी सक्रियता दिखाने लगा है। लम्बे समय से शिथिल पड़ी नगर की जल निकासी व्यवस्था को लेकर अब प्रशासन हरकत में आ गया है और नाले के निर्माण कार्य को तेजी से शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि नगर के प्रमुख मार्गों पर लगभग पौने तीन करोड़ की लागत से नाला निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, जो गहराई और लंबाई दोनों में व्यापक है। वर्षों से लंबित इस निर्माण को समय रहते पूर्ण नहीं किया गया, जिससे अब मानसून के ठीक पहले आनन–फानन में कार्य आरंभ किया गया है।



दुकानों के सामने चल रही खुदाई से व्यापारियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को अपनी दुकानों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। निर्माण कार्य के चलते धूल और कीचड़ से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है।

लोगों का मानना है कि यदि यही हालात बने रहे और मानसून पूर्व नाला निर्माण पूरा नहीं हो पाया, तो नगर के निचले इलाकों में जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोगों के घरों में पानी घुसने और सड़कों पर कीचड़ फैलने की आशंका भी जताई जा रही है।

प्रशासन द्वारा कार्य प्रारंभ करना सराहनीय कदम है, लेकिन निर्माण की धीमी गति चिंता का विषय बनी हुई है। नागरिकों ने मांग की है कि जिला प्रशासन इस कार्य की नियमित निगरानी करे और बरसात से पूर्व निर्माण पूर्ण कर आमजन को होने वाली मुसीबत से राहत दिलाई जा सके।

## जमीन विवाद में चली गोली, मामले में आरोपी जिलाबदर

**देवास, देशबन्धु।** जिले के टोंक कला गांव में जमीन नपती और कब्जे के विवाद में गोली चलने की बात को लेकर पत्र में सनसनी फैल रही थी मामले में पुलिस ने 10 से 15 आरोपितो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।




बताया जा रहा है जिस जमीन की नपती और कब्जे के विवाद में गोली चली थी उसमें दो भाइयों का आपसी विवाद है ऐसी जमीन को नपती एवं सीमांकन करने पहुंची राजस्व की टीम और पटवारी के सामने विवाद हुआ।

मामले में लोकेंद्र सिंह खींची निवासी ग्राम टोंककला ने पुलिस में शिकायत की थी जिस पर पुलिस ने आरोपित राहुल पंवार निवासी ग्राम रालामंडल देवास के साथ अन्य 10 से 15 साथियों पर प्रकरण पंजीबद्ध किया था। अब कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज सिंह ने अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपी राहुल पंवार पिता गजराजसिंह उम्र 26 साल निवासी रालामण्डल पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कलेक्टर सिंह ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण लोक व्यवस्था के अनुरक्षण के प्रतिकूल किसी भी रीति से कार्य करने से रोकने के अभिप्राय से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3 की उप धारा (2) में प्रदत्त शक्तियों अन्तर्गत आरोपी राहुल पंवार के विरुद्ध निरुद्ध आदेश जारी किया है। आरोपी राहुल पंवार को तीन माह तक की अवधि के लिए निरुद्ध कर केन्द्रीय जेल भेरूगढ़ उज्जैन में रखा जाएगा। आरोपी राहुल पंवार पर आये दिन आम जनता के साथ अभद्र व्यवहार करना, हत्या, अवैध शस्त्र से हत्या का प्रयास करना, अवैध वसूली करना, शासकीय कर्मचारी का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करना, अपने साथ साथियों के साथ हथियार लेकर घुमना, गुंडागर्दी कर आम जनता में दहशत पैदा करने संबंधी गंभीर अपराध पुलिस थाने में पंजीबद्ध है।

## अवैध रूप से वनोपज परिवहन करने पर आरोपी गिरफ्तार



**रायसेन, देशबन्धु।** मुख्य वनसंरक्षक भोपाल वृत्त श्री राजेश कुमार खरे के निर्देशन तथा वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल रायसेन श्रीमती प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में अवैध रूप से वनोपज की कटाई और परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

उप वनमण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी श्री इंदर सिंह बारे के सहयोग से गुरूवार को रात्रि में परिक्षेत्र सिलवानी पश्चिम की बीट धौलपुर के वन कक्ष क्रमांक आरएफ 126 में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र में अवैध रूप से वनोपज परिवहन करते पाए जाने पर एक मोटरसाइकिल एवं दो नग 0.075 घनमीटर सागौन इमारती वनोपज को जप्त किया गया तथा मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया।

## पानी के लिए चालीस डिग्री तापमान में सडक़ पर उतरी महिलाएं



### तहसील के सामने किया चक्काजाम।

रायसेन, देशबन्धु। नगर के वार्ड 13 ताजपुर निवासी कई महिलाएं शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे ट्राली में सवार होकर तहसील के सामने पहुंचीं और खाली बर्तन रखकर चक्काजाम कर दिया। 40 डिग्री तापमान में छोटे–छोटे बच्चों को लेकर पहुंची महिलाओं ने ताजपुर में जलसंकट को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए नारेबाजी की। महिलाओं का कहना था कि नगर पालिका द्वारा उनके मोहल्ले में टेंकर नहीं भेजे जा रहे हैं, जिससे वे भीषण गर्मी में पेय जल के लिए परेशान हैं।

चक्काजाम होते ही दोनो तरफ वाहनों की कतारें लग गईं, सूचना मिलते ही तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और महिलाओं को समझाया। नगर पालिका से भी कर्मचारी पहुंचे और टेंकर से पानी देने का भरोसा दिलाया। तब महिलाओं ने जाम खत्म किया। इससे पहले महिलाओं ने तहसीलदार को आवेदन देकर जातपुर में बोर कराने की अनुमति मांगी, ताकि वे खुद अपने स्तर पर पानी का इंतजाम कर सकें।

उल्लेखनीय है कि ताजपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में वन भूमि पर मकानों का निर्माण हो रहा है। आए दिन यहां नए–नए कच्चे मकान दिखाई देते हैं। इसी तरह इस क्षेत्र में आबादी बढ़ गई है। यहां पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। जिससे लोग नपा के टेंकर के भरोसे हैं।

## एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



**रायसेन, देशबन्धु।** एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को खेल स्टेडियम के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि स्टेडियम में खिलाडिय़ों को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। खेल सामग्री तथा मैदान का रखरखाव नहीं हो रहा है। प्रशिक्षण के साथ खेल गतिविधियों का आयोजन नहीं किया जाता है। जिससे खेल स्टेडियम आपराधिक गतिविधियों का अड्डा बन गया है। स्टेडियम में बने इंडोर स्टेडियम का उपयोग खेलने के लिए नहीं किया जा रहा है। जिससे खिलाडिय़ों में निराशा है।

## दीवार में छेद कर ले गए साउंड मशीन

**रायसेन, देशबन्धु।** गुरुवार–शुक्रवार की रात पाटनदेव स्थित एक दुकान की दीवार में छेद कर अज्ञात चोर ट्रेक्टर में लगाने वाले साउंड सिस्टम चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार बैरसिया निवासी रवि कुशवाहा ने उक्त दुकान किराए पर ली है, जिसमें वह



ट्रेक्टर में साउंड सिस्टम लगाने का काम करते हैं। शुक्रवार को उन्होंने दुकान खोली तो पीछे की दीवार में छेद दिखाई दिया। उनकी दुकान से तीन साउंड सिस्टम गायब थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## तलैया में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** ईशानगर थाना क्षेत्र के बंधी खुर्द गांव में शुक्रवार की दोपहर तलैया में नहाते समय एक किशोर की डूबने से मौत हो गई है। बताया गया है बंधी खुर्द गांव में दोपहर करीब 1:30 बजे अंजुल पुत्र रामसिंह यादव 15 वर्ष, गांव के तीन–चार अन्य लड़कों के साथ तलैया में नहाने गया था। चूंकि अंजुल को तैरना नहीं आता था, जिसके चलते नहाते समय वह गहरे पानी में जाकर डूब गया। घटना के बाद गांव वालों ने उसे बाहर निकाला और निजी वाहन से ईशानगर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि इसके बाद भी परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए थे, जहां डॉक्टरों ने मृत्यु की पुष्टि कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मर्ग कायम करके मामले की जांच की जा रही है।

## आधार कार्ड सेंटर पर मनमानी, महिलाएं 5 दिन से भटक रहीं

**महाराजपुर, देशबन्धु।** नगर के डाकखाने के आधार कार्ड सेंटर पर संचालक की मनमानी से ग्रामीण महिलाएं परेशान हैं। यह मामला आधार केंद्रों की अव्यवस्था और ग्रामीणों की मजबूरी को उजागर कर रहा है।



आधार कार्ड बनवाने के लिए पांच दिन से भटक रहीं महिलाओं ने बताया उन्हें सुबह–शाम का समय देकर दिनभर इंतजार कराया जाता है, लेकिन काम नहीं हो पाता है। ग्रान श्रीनगर निवासी क्रांति प्रजापति और निवारी अंगूरी चौरसिया ने बताया वे आधार कार्ड में फोटो और नाम बदलवाने के लिए 20–50 किमी दूर से यहाँ पहुंचीं हैं। सेंटर संचालक ने सुबह 8 बजे बुलाया था, लेकिन 10 बजे तक न टोकन मिला, न काम शुरू हुआ। तपती धूप में छोटे बच्चों को घर छोड़कर इंतजार करना पड़ा। महिलाओं का आरोप है कि संचालक अपने चहेतों का काम पहले करता है। ये भी आरोप लगाया कि हर व्यक्ति से 100 से 200 रुपये वसूले जाते हैं, चाहे वह बच्चा हो, पुरुष हो या महिलाभी। दिन भर इन्तेजार करने के बाद काम न होने और उन्हें अगले दिन आने को कहकर लौटा दिया जाता है। अगले दिन फिर यही सिलसिला दोहराया जाता है।

## अटवाल रिसोर्ट में हुआ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



**बाड़ी, देशबन्धु।** बाड़ी भोपाल से पचमढ़ी की तरफ जाते हुए अटवाल रिजॉर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा का रुक कर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश सहसंयोजक नगरी निकाय के सदस्य सरदार जोधा सिंह अटवाल से मिल कर क्षेत्र की समस्या को समझा 7

जैसे ही इसकी सूचना भाजपा कार्यकर्ताओं को लगी तुरंत सभी उनके स्वागत के लिए दौड़ पड़े , अल्प चर्चा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को भी प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित किया कार्यक्रम में सम्मिलित नगर के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी भाजपा पार्षद सरबजीत सिंह अटवाल राजू सोनी नरेंद्र कुमार मिथुन मीणा मसरूर अहमद जस्सी अटवाल मोनू थंगप्पन सहित अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अहमदाबाद विमान हादसे पर पर्यटक सहायक एसोसिएशन ने जताया शोक

**खजुराहो, देशबन्धु।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया की लंदन–बाउंड फ्लाइट एआई–171 के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई 265 लोगों की मौत पर खजुराहो पर्यटक सहायक एसोसिएशन ने शोक व्यक्त करके मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

पर्यटक सहायक एसोसिएशन के सदस्यों सहित समाज के प्रमुख लोगों में परशुराम तिवारी, अनंतराम मिश्रा, दीप सिंह यादव, धर्मेंद्र पांडे, रमाशंकर दीक्षित, रामगोपाल तिवारी, मनोज मिश्रा, शिवाकांत कारपेंटर, राजेंद्र तिवारी, एडवोकेट पटेल सहित कई अन्य लोगों शोक सभा में हिस्सा लिया। सभी ने इस न केवल भारत, बल्कि कई देशों नागरिकों कीअपूरणीय क्षति बताया है। एसोसिएशन ने सभी प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताकर उनके लिए प्रार्थना की है।

## जिले के 1812 प्रधानाध्यापकों को दिया लीडरशिप का प्रशिक्षण



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के 1812 प्रधानाध्यापकों को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में लीडरशिप प्रशिक्षण देकर उपयोगी टिप्स दिए गए हैं।

लीडरशिप शिक्षक के प्रभारी रघुवीर शरण नापित ने बताया शिक्षा विभाग की नीति के तहत विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति व संस्कृति से आत्मनिर्भरत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके तहत ये प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अमर सिंह राय ने लीडरशिप की प्राथमिकता पर प्रकाश डाला। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य आरके वर्मा और सहायक ममता चतुर्वेदी भोपाल द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त डीआरजी अमर सिंह राय, हरिमोहन भड़ेरिया, जगदीश प्रसाद वाजपेई, जेपी अहिरवार, हिरदेश कुमार राजपूत, विजेंद्र कुमार अहिरवार, आनंद अरजरिया, अनुराग शुक्ला और लखनलाल शुक्ला द्वारा प्रशिक्षण में व्याख्यान दिए गए।

बताया गया है इस प्रशिक्षण में 14 विषय शामिल थे। इसके माध्यम से कक्षा 1 से 8वी तक के बच्चों को बचपन से शिक्षा से पहले संस्कृति माता–पिता व गुरु का सम्मान, बोलचाल की भाषा, जीवन जीने का प्रशिक्षण ओर विद्यालय में अध्ययन के दौरान लड़ाई–झगड़ा, बुराइयों और नशे से दूर रहने की जानकारियां देने के बारे में समझाया गया। अंत में संस्था प्रभारी ममता चतुर्वेदी ने सभी के प्रति आभार जताया।

पंचायतों में चल रह सबकुछ उल्टा–पुल्टा, नहीं है कोई देखने–सुनने वाला

# अधिकारियों की लापरवाही : बिकौरा पंचायत में 1 साल से 2 सचिव पदस्थ, दोनों कर रहे काम

*__महाराजपुर, देशबन्धु।__ नौगांव जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिकौरा एक ऐसी पंचायत है जहां एक साथ दो सचिव नरेंद्र सिंह और घनश्याम कुशवाहा पदस्थ हैं। इनमें से एक सचिव नरेंद्र सिंह ग्राम पंचायत की बैठकों से लेकर पंचायत के अन्य सभी कार्य करता है और दूसरा सचिव घनश्याम कुशवाहा पंचायत में निर्माण कार्यों के भुगतान की जिम्मेदारी निभा रहा है। ये उल्टा–पुल्टा काम यहां एक साल से चल रहा है, मगर जिम्मेदार बेखबर हैं।*

*ग्रामीणों ने बताया पंचायत में नरेंद्र सिंह सचिव ग्राम पंचायत के सभी कार्यों संभालते हैं। घनश्याम कुशवाहा प्रभारी सचिव के रुप में बिकौरा पंचायत में हुए निर्माण कार्यों का भुगतान करने आते हैं। जबकि वे मूलरुप से ग्राम पंचायत गुंदारा में पदस्थ हैं। दरअसल एक साल पहले पंचायत बिकौरा के सचिव नरेंद्र सिंह ने पारिवारिक कार्यो से छुट्टी ले ली थी। तब पंचायत गुंदारा के सचिव घनश्याम कुशवाहा को बिकौरा पंचायत का वित्तीय प्रभार दे दिया गया था। जो आज इन्हीं के पास है। अवकाश खत्म होने के बाद नरेंद्र सिंह ने जब यथावत पंचायत बिकौरा का कामकाज संभाला, तो अधिकारियों ने उन्हें पंचायत की बैठक व अन्य कार्य तो सौप दिए मगर वित्तीय पावर नहीं दी।*

*बता दें कि माह मई में जल गंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही पर जिला पंचायत सीईओ ने नौगांव जनपद के चार सचिवों को निलंबित किया था। इनमें पंचायत मऊपुर के सचिव रामस्वरूप कुशवाहा भी निलंबित हुए थे। उनकी जगह नरेंद्र सिंह को पंचायत मऊपुर का प्रभार दे दिया था। जनपद के कर्मचारियों द्वारा उनके हस्ताक्षर बैंक में आज तक नहीं पहुचाए, जिससे पंचायत मऊपुर में निर्माण कार्यो का भुगतान रुका है। ये उलझा मामला न कोई देखने वाला है, न परेशानी की गुहार कोई सुन रहा है।*

### इनका कहना है

*अभी हाल में मेरे पास दो ग्राम पंचायत बिकौरा और मऊपुर का प्रभार हैं लेकिन दौनों में से किसी भी पंचायत की वित्तीय पावर मुझे नहीं दी गई है। इस बारे में मैं क्या कहूं, वरिष्ठ अधिकारी ही बता पाएंगे।*

**नरेंद्र सिंह**

*सचिव, पंचायत बिकौरा व मऊपुर*

### मनकारी पंचायत में फर्जी बिलों से लाखों का गबन

नौगांव जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनकारी में सरपंच भुमानी बाई पटेल और सचिव रामप्रसाद अहिरवार द्वारा फर्जी बिलों के जरिए लाखों का गबन करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 2 और 10 मई को पंचायत द्वारा हुए भुगतान की पड़ताल करने पर पता चला कि फर्जी बिलों से गबन हुआ है। जिसमें फर्जी वेंडर बनाकर ग़लत मोबाइल नंबर दर्ज करके सरपंच व सचिव ने अपने चहेतों के बिल लगाए और उनके बैंक खातों में लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया। बाद में उनके खातों से रुपए निकाल लिए गए। इंद्रपाल पटेल, प्रवीण पटेल और देवेन्द्र पटेल को बालू, मुरम व अन्य सामग्री का 3 लाख से अधिक का भुगतान कच्चे बाउचर पर कर दिया गया है। लोगों का कहना है जिले के वरिष्ठ अधिकारी सबकुछ जानने के बावजूद सरपंच व सचिव पर कार्यवाही नहीं करते हैं, इससे इनके हौसले बुलंद हैं। मनकारी के पंचायत सचिव रामप्रसाद अहिरवार का कहना है मेरे व सरपंच द्वारा कराए गए सभी कार्यों का नियमानुसार ही भुगतान किया गया है। रही बात आरोपों की तो ये बेबुनियाद हैं।

## सार समाचार

### टेलीकॉम टॉवर लगाने जाने के विरोध में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बनवा गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को टेलीकॉम टावर लगाए जाने के विरोध में एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने टावर को आवासीय क्षेत्र से अन्य स्थान पर लगाए जाने की मांग की है। स्थानीय निवासी आशुतोष नेमा ने बताया कि टावर से निकलने वाली रेडिएशन का बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। टावर गांव के एक व्यक्ति की निजी जमीन पर लगाया जा रहा है। यह जमीन आवासीय क्षेत्र के बीचोंबीच स्थित है। चारों तरफ लोगों के घर बने हुए हैं।

टावर को आवासीय क्षेत्र से दूर किसी अन्य स्थान पर स्थापित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि टावर से निकलने वाली रेडिएशन से स्थानीय लोगों को गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। ज्ञापन के दौरान रघुवीर सिंह, कल्याण सिंह, कप्तान सिंह, कमलेश साहू और राधेश्याम सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### बिजली विभाग बालों द्वारा झूठ बोला जाता है कि मॅन्टीनेन्स के कारण लाईट बंद रहती है

# बिजली की अघोषित कटौती पर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा, सड़क पर उतरे



**सिरोंज, देशबन्धु।** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती के चलते आज ग्राम दलों का गुस्सा फुट पड़ा और वे सड़कों पर उतर आये. ग्राम जनों ने आरोप लगाया है कि दीपनाखेडा फीडर से जुडे हुए लगभग 10,12 ग्रामो में हो रही अवेध लाईट कटोती से सभी ग्रामों के लोगों को परेशानी हो रही है। लगभग दो महीने से सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक कटोती रहती है, एवं रात में डिम लाईट आती है, उपरोक्त ग्राम वासियों द्वारा शिकायत की जाती है तो बिजली विभाग बालो द्वारा झूठ बोला जाता है कि मॅन्टीनेन्स के कारण लाईट बंद रहती है।

विभागीय कर्मचारियों द्वारा मनमानी की जा रही हैं। और सभी ग्राम वासियों का बिजली बिल बराबर आ रहे है. सभी ग्रामवासी, बामौरी शाला, रिनिया, करैयाह, डेंगरा, सालपुर कलां, मोहनपुर, ललितपुर, जगथर, बुढेना, आदि सभी ग्राम वासियो द्वारा चक्का जाम किया जा रहा था. लेकिन कुछ अधिकारियों से बात की तो उन्होने एक दिन में लाईट सही होने का आश्वासन दिया हैं। महोदय यदि एक दिन लाईट सही प्रकार नही आती है तो हमें मजबूरी में उग्र प्रर्दशन एवं चक्का जमा करना पडेगा। बिजली की समस्याओं को लेकर ग्राम जनों ने कई वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा हैं ।

# ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने 2 आरोपियों को पकड़ा



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बीती रात पुलिस ने ब्राउन शुगर के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 1.10 लाख कीमत की ब्राउन शुगर जब्त की है। देहात पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

आरोपियों की पहचान शकील खां (38) निवासी बरुआखार और इसराइल (42) निवासी पडरियां के रूप में हुई है। थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी नशीले पदार्थ को बेचना का काम करते हैं। पुलिस ब्राउन शुगर की सप्लाई चेन का पता लगाने में जुटी है। टीआई ने लोगों से नशीले पदार्थों की बिक्री या तस्करी की सूचना देने की अपील की है। उन्होंने ये भी कहा है कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल ने दी वायुयान दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि



**आष्टा, देशबन्धु।** गुजरात प्रदेश के अहमदाबाद में वायुयान दुर्घटना में मृत गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित शताधिक यात्रियों के मृत होने की हृदय विदारक घटना के अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा अपने निज कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को ईश्वर इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें ऐसी कामना की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हादसा हमारे देश और विश्व के लिए अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। प्रदेश सरकार सहित देश के नागरिकगणों की संवेदनाएं इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिवारजनों के साथ है। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षदगण तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, रवि शर्मा, अर्जुनसिंह ठाकुर, देवेन्द्र सिंह राजपूत, जितेन्द्र बुदासा, राजेश ठाकुर, मोहित मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

# दुबई इंटरनेशनल की मॉडल विद्या जोशी का आगमन आज



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बीलाढाना में आज 14 जून को एक बड़ा आयोजन होगा। इसमें दुबई की इंटरनेशनल मॉडल विद्या जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वह जन परिषद के बीला ढाना चैप्टर के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगी। विद्या जोशी पटेल, जो दुबई में इंटरनेशनल मॉडल और एक्ट्रेस के रूप में जानी जाती हैं। जन परिषद के बीलाढाना चैप्टर के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगी। उनके साथ जन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक और वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव और प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव भी मौजूद रहेंगे। नगर में जन परिषद के ओमप्रकाश चौरसिया के नेतृत्व में विद्या जोशी पटेल का स्वागत किया जाएगा। बीलाढाना चैप्टर के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव और संरक्षक सुरेंद्र श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी है। यह आयोजन बीलाढाना और गंजबासौदा के इतिहास में एक बड़ा अवसर होगा, जिसमें ब्यूटी और फैशन जगत की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्सनैलिटी का आगमन होगा।

### 50 हजार श्रद्धालुओं को बांटी पूड़ी-सब्जी

# हनुमान मंदिर में साकेत महोत्सव का भंडारे के साथ हुआ समापन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** धजरई हनुमान मंदिर में सात दिवसीय साकेत महोत्सव का समापन शुक्रवार को हो गया। 6 जून से 12 जून तक आयोजित हुई श्रीमद भागवत कथा का वाचन वृंदावन धाम के महंत मदन मोहन दास महाराज ने किया।कथा का समापन सुदामा प्रसंग के साथ हुआ। समापन के मौके पर मंदिर परिसर में भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चला। भंडारे की शुरुआत जिले भर से आए संतों और पुजारियों के भोजन से हुई। उन्हें सनातन परंपरा के अनुसार दक्षिणा देकर विदाई दी गई।

धजरई हनुमान मंदिर के महंत सीताराम दास ने बताया कि यह आयोजन त्यागी जी महाराज की पुण्यतिथि पर किया गया। त्यागी जी ने मंदिर में वर्षों तक अखंड भंडारा चलाया था। 12 जून 2015 को उन्होंने अंतिम बार भंडारे का आयोजन किया था और अगले दिन 13 जून को साकेतवास कर लिया था। तब से हर साल इसी दिन यह महोत्सव होता है। इस साल महोत्सव का दसवां वर्ष था। आयोजन की तैयारियां दो दिन पहले से ही शुरू कर दी गई थीं। बुधवार से 8 क्विंटल बेसन से बूंदी बनाई गई और गुरुवार से 6 कड़ाही में पूरी पकाई गई। रोज़ाना करीब 5000 श्रद्धालुओं ने कथा के बाद प्रसाद पाया। शुक्रवार को हुए भंडारे में 40 से 50 हजार लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया गया।

### महिला थाना द्वारा अब तक 30 परिवारों का कराया समझौता

# महिला थाना के प्रयास से बिखरने से बच गया एक परिवार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में महिला थाना टीकमगढ़ द्वारा पारिवारिक विवादों के निवारण के उद्देश्य से की जा रही सक्रिय और संवेदनशील कार्यवाही के तहत दो परिवारों के बीच आपसी समझौते के माध्यम से समन्वय स्थापित किया गया, जिससे उनके टूटते हुए रिश्तों को पुन: जोड़ा गया । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी द्वारा एक और परिवार टूटने से बचाया गया दोनों पक्ष आपसी में प्रेम पूर्वक साथ रहने को तैयार हुए।

आवेदिका दीपा राजा पत्नी पहलवान सिंह निवासी टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ ने पति से प्रताड़ना के संबंध में महिला थाना टीकमगढ़ में आवेदन प्रस्तुत किया था । पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देशों के तहत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा एवं उप निरीक्षक धनवंती द्वारा पीड़िता के पति एवं ससुराल पक्ष को थाना बुलाकर काउंसलिंग की गई। संवाद एवं समझाइश के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच आपसी मनमुटाव को दूर कर उन्हें साथ रहने की प्रेरणा दी गई, जिस पर दोनों पक्ष प्रेमपूर्वक साथ रहने को सहमत हुए।

इन प्रयासों में महिला थाना टीकमगढ़ की टीम — निरीक्षक मनीष मिश्रा, उप निरीक्षक धनवंती, प्रधान आरक्षक अवधेश खटीक, महिला प्रधान आरक्षक नूरी एवं महिला प्रधान आरक्षक रामसखी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस द्वारा अब तक **कुल 30 परिवारों** को टूटने से बचाया जा चुका है। आमजन एवं संबंधित परिजनों द्वारा पुलिस के इस मानवीय और सुलझे हुए प्रयास की व्यापक सराहना की जा रही है।

# बूदौर व मुर्राहा बंध लारोंन में रुद्र महायज्ञ, संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**पलेरा, देशबन्धु।** मानव कल्याण एवं किसानों के हितों की रक्षा के लिए टीकमगढ़ जिले के पलेरा जनपद क्षेत्र के ग्राम बूदौर व मुर्राहा बंध लारोंन धार्मिक स्थल पर श्री रुद्र महायज्ञ संगीत माया श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन धार्मिक स्थान पर चल रहा है जिसमें ज्ञान यज्ञ एवं शिव पार्वती परिवार की पुन: प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन श्री श्री 1008 सिद्ध बाबा दुनर मंदिर बूदौर पलेरा क्षेत्र में चल धार्मिक अनुष्ठान 11 जून से शुरू किया गया है जो 18 जून तक चलेगा इसमें तथा व्यास श्री आचार्य पंडित राजेंद्र दास जी महाराज झीझन वाले जो मथुरा वृंदावन से शास्त्री के रूप में ज्ञान अर्जित किया है संपूर्ण धार्मिक क्षेत्र में डॉक्टर पंडित श्री रमाकांत पटेरिया की जो वाराणसी से शास्त्री की उपाधि प्राप्त है और संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र के अनेक जिलों में यज्ञाचार्य के रूप में प्रसिद्ध विख्यात है उनके मुखारविंद से यज्ञ आचार्य के रूप में अनेक क्षेत्रों में यज्ञ हो रहे हैं

9 जून से श्री रुद्र महायज्ञ भागवत कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन संगीत में मुर्राहा बंध लारोंन धार्मिक स्थल पर किया जा रहा है। इसमें डॉक्टर रमाकांत पटेरिया जी यज्ञाचार्य के रूप में एक आहुतियां प्रदान करवा रहे हैं । बुंदेलखंड क्षेत्र के समाजसेवी सामाजिक समरसता पर काम करने वाले समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड द्वारा पलेरा जनपद क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर मानवता के लिए और आध्यात्मिकता सनातन संस्कृति पर काम करने वाले संत महात्माओं से भेंट की एवं धार्मिक स्थल पर उपस्थित जन समूह के माध्यम से समाज में व्याप्त नशा की कुरीतियों को दूर करने दहेज सामाजिक कल्याण को मिटाने धर्म की अलग जगह ने सनातन संस्कृति बचाने वाहन दुर्घटना रोकने एवं शिक्षा से पहले संस्कृति संस्कार बढ़ाने पर सेकंड भक्तों को शपथ संकल्प दवाया गया और उनके जीवन में सुख शांति समृद्धि के लिए विचार रखें।

डॉ. रमाकांत पटेरिया ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में धर्म और सनातन संस्कृति बचाने में जो काम उन लोगों क्षेत्र से समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी निस्वाद भाव से करते हैं और कर रहे हैं उनके मुकाबले बुंदेलखंड क्षेत्र में अभी तक कोई व्यक्ति सामने नजर नहीं आ रहा है। हर व्यक्ति को अपने धर्म और मानवता के लिए राष्ट्र के साथ समर्पित होकर काम करना चाहिए।

# रात्रि गश्त के दौरान 2 शातिर मोटरसाइकिल चोर धराए




**आष्टा, देशबन्धु।** सिद्दीकगंज पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान 2 शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में अपराधियों की धरपकड़ एवं अपराध पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनिता रावत एवं एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही की गई। सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ हाटपीपलिया की ओर से आ रहे हैं। तत्काल कार्रवाई करते हुए सिद्दीकगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजूसिंह बघेल के निर्देशन में उपनिरीक्षक सूरज परिहार व सउनि लोकेश नेवारे की टीम द्वारा घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि आरोपी अंकित उर्फ राहुल निवासी झीकडी, रितेश निवासी भटोनी को गिरफतार किया गया। आरोपियों से बरामद दोनों मोटरसाइकिलों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। पूछताछ पर पाया कि उक्त चोरों ने सीहोर कोतवाली क्षेत्र और इंदौर लसुड़िया क्षेत्र से चोरी की थी आरोपियों से अन्य अपराधों की भी पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक सूरज परिहार, सउनि लोकेश नेवारे, प्रधान आरक्षक ठाकुर प्रसाद, आरक्षक राकेश डावर, कावसिंह रावत, सुरेन्द्र राणा, राहुल मांझी, अमित ठाकुर, सैनिक संतोष वर्मा, राकेश पाल एवं परमानंद वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### अंतिम दौर में पहुंची अतिक्रमणकारियों से हुई नोंक-झोंक

# गर्मी के कारण अतिक्रमण हटाओ अभियान पर लगा विराम, 3 दिन बाद फिर होगी कार्रवाई



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर में चल रहा अतिक्रमण हटाओ मुहिम अब अंतिम दौर में आ चुकी है, पिछले 15 दिनों से लगातार एसडीएम श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा नगर का अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रखा था, जिसमें प्रशासन शत-प्रतिशत कामयाब भी हुआ। एक बात जरूर है कि कुछ जगह प्रशासन और अतिक्रमणकारियों के बीच नोक झोक हुई लेकिन प्रशासन ने अपना काम चालू रखा।

बुधवारा रोड का अतिक्रमण हटाया जा रहा था, तभी एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा एवं हिउस के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद कालू भट्ट की सड़क पर नोक-झोक हो गई थीं, जिसका वीडियो सोशल मिडिया पर जमकर चला। उसके बाद भी नगर में अतिक्रमण हटाओ चलाओ मुहिम नगर में जारी रहा। शुक्रवार को अतिक्रमण अभियान नहीं चला। जिससे अतिक्रमणकारियों ने राहत की सांस ली और ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि अब यह अभियान यहीं विराम लेगा। नगर के इतिहास में पहली पर इस तरह का अभियान चला। जिससे नगर अतिक्रमण मुक्त देखने को मिला। इस बीच एसडीएम श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा का स्थानांतरण होने की खबर मिल गई। जिससे अतिक्रमणकारियों से चर्चा कर रहें कि नगर में अतिक्रमण हटाओ मुहिम नहीं चलेगा। आष्टा के नए एसडीएम नितिन कुमार टाले होंगे।

### इनका कहना है

– गर्मी को देखते हुए 3 दिन के लिए अतिक्रमण हटाओ मुहिम रोकी गई है । सोमवार से फिर चलेगी, शेष बचे अतिक्रमण भी हटाए जाएंगे।

**राजेश सक्सेना,**
**सीएमओ आष्टा**

# खेल जगत

## टोटेनहम हॉटस्पर के नए हेड कोच बने थॉमस फ्रैंक

**लंदन।** टोटेनहम हॉटस्पर ने थॉमस फ्रैंक को टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया है। थॉमस फ्रैंक के साथ यह कॉन्ट्रैक्ट साल 2028 तक के लिए रहेगा। थॉमस फ्रैंक के साथ जस्टिन कोचरन (असिस्टेंट कोच), क्रिस हसलम (हेड ऑफ परफॉर्मेंस और फर्स्ट टीम असिस्टेंट कोच) और जो न्यूटन (कोच विश्लेषक) टीम में शामिल होंगे। 2024/25 में एंज पोस्टेकोग्लू के नेतृत्व में टोटेनहम हॉटस्पर का लीग में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम 38 में से 22 मैच गंवाकर 17वें स्थान पर रही थी। यह अब तक का उसका सबसे निचला स्थान है। हालांकि, टोटेनहम हॉटस्पर ने मई में मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर यूईएफए यूरोपा लीग जीती और अगले सीजन में चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की की। 51 वर्षीय थॉमस फ्रैंक ब्रेंटफोर्ड से आते हैं। उन्हें अप्रैल 2022 में प्रीमियर लीग मैनेजर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया था।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तैयारी से उतरेगी टीम इंडिया

- भारत को शीर्ष तीन की होड़ में बने रहने के लिए मैच जीतने होंगे
- हार के सिलसिले को पलट अपनी झोली में कुछ जीत डालना चाहते हैं

एफआईएच हॉकी प्रो लीग



**नई दिल्ली,** 13 जून (देशबन्धु)। जीत के गीत गाए जाते हैं। हारने वाले को कोई याद नहीं करता है। भले ही आप बेहद करीबी संघर्ष में हारे हों लेकिन इतिहास जीतने वाले का नाम ही दर्ज होता। इस बात का अहसास हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई और चीफ कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में उतरने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-2025 के यूरोपीय चरण में मेजबान नीदरलैंड और अर्जेंटीना से शुरू के शुरू के चार मैच में चार हार कर हो गया होगा। भारत मेजबान नीदरलैंड से पहले मैच में 1-2 से रिटर्न मैच में 2-3 से हारा और अर्जेंटीना से पहले मैच में 3-4 से दूसरे विवादास्पद ढंग से विडियो अंपायर द्वारा पेनल्टी स्ट्रोक पर जुगराज सिंह के गोल को खारिज किए जाने से 1-2 से हार गया। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण में आठ मैचों में पांच जीत से 15 अंकों पर तीसरे स्थान पर उतरी थी और इन लगातार चार हार के चलते अब 12 मैचों में 15 अंक पर ही ठहर कर पांचवें स्थान पर गई है। भारत ने मौकों को भुनाया होता तो ये चारों मैच हारने की बजाय जीत सकता था।

भारत को शीर्ष तीन की होड़ में बने रहने के लिए अब एंटवर्प (बेल्जियम) में सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया से 14 और 15 जून को खेले जाने वाले मैच जीतने होंगे। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीतना तो मौकों को बेहतर ढंग से भुनाना होगा। ऑस्ट्रेलिया खासी मजबूत और मुश्किल टीम है और उसके खिलाफ जीतने के लिए भारत को डी के भी अपनी निशानेबाजी करने के साथ पूरी तरह चौकस भी रहना होगा।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया



**एंटवर्प।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से शिकस्त देकर यूरोप दौरे में अपना लगातार तीसरा गेम जीत लिया है। हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले गए इस मुकाबले में भारत की ओर से सोनम (4'), लालथंतलुंगी (32') और कनिका सिवाच (51') ने गोल दागे, जबकि बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37') और मार्टे मैरी (40') ने गोल किए। भारत ने खेल में शुरुआती बढ़त हासिल कर ली थी। मुकाबले के चौथे मिनट में सोनम ने फील्ड गोल करके स्कोरिंग शुरू कर दी। भारत ने पहले हाफ में अपनी बढ़त बनाए रखी और फिर 32वें मिनट में लालथंतलुंगी के पेनाल्टी कॉर्नर गोल से तीसरे क्वार्टर में इस लीड को 2-0 से मजबूत कर दिया। इसके बाद बेल्जियम ने तुरंत जवाबी हमला करते हुए 37वें और 40वें मिनट में लगातार दो गोल करके खेल को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। मैरी गोएन्स ने पेनाल्टी स्ट्रोक के जरिए टीम के लिए पहला गोल किया, इसके बाद मार्टे मैरी ने फील्ड गोल दागा। चौथे क्वार्टर खत्म होने में सिर्फ नौ मिनट ही बचे थे, तभी कनिका ने पेनाल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर भारत को 3-2 से लीड में ला दिया, जिसने भारत को अपने यूरोपीय दौरे में जीत की लय बनाए रखने में मदद की।

## श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस मुंबई टी-20 लीग फाइनल में हारी

**मुंबई,** 13 जून (एजेंसियां)। श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस को मुंबई टी20 लीग के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा जहां पर उनकी टीम वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स से हार गई। यह अय्यर की बतौर कप्तान टी20 लीग में 10 दिन के अंदर लगातार दूसरी फाइनल में हार है। इससे पहले तीन जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा था। सोबो ने 157 रन बनाए, जिसमें अय्यर ने 17 गेंद में 12 रनों की पारी खेली। सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली मराठा रॉयल?स ने चार गेंद और छह विकेट शेष रहते लक्ष्?य हासिल कर लिया। अय्यर ने पांच पारियों में 62 रन बनाए, जिसमें 25 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। अय्यर ने फाइनल में हार के बाद कहा कि मैं किसी एक घटना पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। कुल मिलाकर, लड़कों ने अपना प्रयास शानदार ढंग से किया। हमने फाइनल में पहुंचने के दौरान सिर्फ एक मैच हारा है। अगर आप किसी की आलोचना करते हैं तो यह मूल रूप से पीठ में छुरा घोंपने जैसा है और मुझे यह पसंद नहीं है। फाइनल में हार के बाद निराश होना आम बात है। इससे खिलाड़ियों को दुख होता होगा। लेकिन जब वे अगले साल वापस आएंगे, तो उनके पास अतिरिक्त प्रेरणा और आत्मविश्वास होगा।



## इंग्लैंड सीरीज छोड़कर अचानक भारत लौटे गौतम गंभीर



- भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में उतरने जा रही है

**नई दिल्ली,** 13 जून (एजेंसियां)। भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। इस सीरीज के लिए भारतीय खेमा इस वक्त इंग्लैंड में है, लेकिन हेड कोच गौतम गंभीर को फैमिली इमरजेंसी के चलते अचानक भारत वापस लौटना पड़ा है। गौतम गंभीर बेकेनहैम में भारतीय टीम के साथ मौजूद थे, जहां शुक्रवार से इंट्रा-स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच खेला जाएगा। इसकी शुरुआत से पहले ही गौतम गंभीर को अपनी मां से संबंधित एक महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में भारत लौटने का फैसला लेना पड़ा।

इस मामले में शुक्रवार को कहा कि हां, कल यह बात सामने आई कि गंभीर अपनी मां से संबंधित एक महत्वपूर्ण फैमिली इमरजेंसी के चलते घर वापस लौट रहे हैं। हमारा मानना है कि अब तक गंभीर नई दिल्ली में अपने परिवार के पास पहुंच चुके हैं। मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अभी यह पता नहीं है कि टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले वह भारतीय टीम से कब जुड़ेंगे। गौतम गंभीर की गैरमौजूदगी में बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक, गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल, असिस्टेंट कोच रेयान टेन डेशकाटे और फील्डिंग कोच टी दिलीप भारतीय टीम को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी में मदद करेंगे।

भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में उतरने जा रही है। मेहमान टीम को इस बार रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों की कमी खलने जा रही है। शुभमन गिल टेस्ट में भारत की कप्तानी करने वाले पांचवें सबसे युवा क्रिकेटर होंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को 20 जून से 4 अगस्त तक चलने वाली पांच मुकाबलों की इस टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का उप-कप्तान बनाया गया है। टीम इंडिया ने इंग्लैंड की सरजमीं पर आखिरी बार साल 2007 में टेस्ट सीरीज जीती थी। ये जीत राहुल द्रविड़ की कप्तानी में आई थी। इस सीरीज के साथ भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत करेगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 282 का लक्ष्य


- स्टार्क 136 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप



**लंदन,** 13 जून (एजेंसियां)। मिचेल स्टार्क (नाबाद 58) के संघर्षपूर्ण अर्द्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में तीसरे दिन शुक्रवार को दूसरी पारी में 207 रन बनाये और दक्षिण अफ्रीका के सामने जीत के लिए 282 रन का मुश्किल लक्ष्य रख दिया। ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ विकेट पर 144 रन से आगे खेलना शुरू किया। स्टार्क ने 16 और नाथन लियोन ने एक रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। कैगिसो रबाडा ने लियोन को चार रन बाद ही पगबाधा कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अपना नौवां विकेट 148 के स्कोर पर गंवाया। लेकिन स्टार्क को जोश हेजलवुड के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। दोनों ने दसवें विकेट लिए 59 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को दो सौ के पार पहुंचा दिया। एडन मारक्रम ने हेजलवुड को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। हेजलवुड ने 53 गेंदों पर 17 रन में दो चौके लगाए। स्टार्क 136 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहे। लेकिन उन्होंने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 74 रन की बढ़त हासिल थी जिससे उसने दक्षिण अफ्रीका के सामने 281 रन का लक्ष्य रखा। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रबाडा ने 59 रन पर चार विकेट और लुंगी एनगिडी ने 38 रन पर तीन विकेट लिए। मार्को यानसन, वियान मुल्डर और मारक्रम को एक-एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए अब 282 रन बनाने होंगे।

### जेनसन के पास सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर बनने की सभी खूबियां: पोंटिंग





**लंदन।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के युवा गेंदबाज मार्को जेनसन का भविष्य उज्जवल है और वह भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट आलराउंडर बन सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मार्को जेनसन को कोचिंग देने के दौरान पोंटिंग ने जेनसन की खूबियों को नजदीक से देखा। आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है। उन्होंने प्रोटियाज के लिए शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया, कैगिसो रबाडा के साथ मिलकर एक शानदार तेज गेंदबाजी जोड़ी बनाई, जिसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया। रबाडा ने लॉर्ड्स में एक और पांच विकेट लेकर अधिक तारीफ बटोरी, लेकिन जेनसन की गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली रही। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 14 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट लिए और उनके विकेटों में मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड शामिल थे। दूसरे दिन फील्डिंग करते समय उंगली में चोट लगने के कारण उनका दिन खराब हो गया था, हालांकि इसके तुरंत बाद गेंदबाजी क्रीज पर वापस आकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे बेखौफ हैं और मार्नस लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर दिया।जेनसन अभी सिर्फ 25 साल के हैं। 2025 के आईपीएल में जेनसन ने पंजाब किंग्स के साथ अपना खेल दिखाया, लगातार सफल विकेट लिए और कभी-कभी महत्वपूर्ण रन भी बनाए। भारत में उनके घरेलू अभियान ने क्रिकेट के दिग्गज रिकी पोंटिंग को ऑलराउंडर के बारे में करीब से जानने का मौका दिया और पोंटिंग को इस बात पर आश्चर्य नहीं है कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका की शानदार प्रतिभा ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

## ड्रीम लीग के अधिकारियों ने टीसीएआई सदस्यों से की मुलाकात



**ग्वालियर,** 13 जून (एजेंसियां)। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) के मुख्य रणनीतिकार (चीफ स्ट्रैटेजिस्ट) चैतन्य नंदा ने गुरुवार को टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआई) के ग्वालियर जिला महासचिव से मुलाकात की। इस बैठक में लीग के विस्तार और आगामी सत्र को लेकर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही हाल ही में पानीपत में संपन्न हुए टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप की समीक्षा भी की गई। सर्वोटेक स्पोर्ट्स द्वारा लॉन्च की गई ड्रीम लीग ऑफ इंडिया भारत की पहली ऐसी राष्ट्रीय स्तर की टेनिस बॉल क्रिकेट लीग है, जिसका उद्देश्य देशभर में जमीनी स्तर पर टेनिस बॉल क्रिकेट के लिए एक संगठित और प्रतिस्पर्धात्मक इकोसिस्टम तैयार करना है। बैठक के बाद डीएलआई के चीफ स्ट्रैटेजिस्ट चैतन्य नंदा ने कहा कि अवेद खान के साथ हाल ही में संपन्न फेडरेशन कप और ड्रीम लीग ऑफ इंडिया की भावी योजना को लेकर बहुत ही सार्थक चर्चा हुई। टेनिस क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने को लेकर हमारी सोच एक जैसी ही है। हाल ही में हुए फेडरेशन कप का आयोजन टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआई) द्वारा किया गया था, जो इंटरनेशनल टेनिस क्रिकेट फेडरेशन (आईटीसीएफ) की सदस्य संस्था है। भारत की ओर से रूस और पोलैंड के खिलाफ होने वाली अंतरराष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट सीरीज़ के लिए खिलाड़ियों का चयन इसी टूर्नामेंट के प्रदर्शन के आधार पर किया जाना था। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया का आयोजन देश के लगभग हर कोने में किया जायेगा और इस दौरान स्काउट्स खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर करीबी नजर रखेंगे। इस लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों को टेनिस क्रिकेट बॉल वर्ल्ड कप और एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

## इंग्लैंड में बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतरता जरूरी : मॉर्कल



> अब तक के दो दिनों के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं, दौरे की शुरुआत काफी रोमांचक होती है और यह खिलाड़ियों के आत्मविश्वास के लिए काफी जरूरी है : मोर्न मॉर्कल

**नई दिल्ली,** 13 जून (एजेंसियां)। 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारत शुक्रवार से इंट्रा स्काड मैच खेल रहा है जो कि सोमवार तक चलेगा, यह मैच बंद दरवाजे में हो रहा है। अब तक हुए अभ्यास सत्रों के बारे में बात करते हुए भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल ने कहा कि अब तक के दो दिनों के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं, दौरे की शुरुआत काफी रोमांचक होती है और यह खिलाड़ियों के आत्मविश्वास के लिए काफी जरूरी है। परिस्थितियां बल्लेबाजों की परीक्षा ले रही थीं जो कि सीरीज की तैयारी के लिहाज से अच्छा है। मुझे नहीं लगता कि यहां विकेट उतनी चुनौतीपूर्ण रहने वाली है जितनी अब तक हम यहां देखते आए हैं। बल्ले और गेंद के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती रही है। लेकिन जैसे ही विकेट सपाट हो जाती है तो गेंदबाजों को मुश्किल होती है। इसलिए मेरे विचार में हमें (गेंदबाजों को) उस समय प्रदर्शन करना होगा जब विकेट अधिक सपाट हो। भले ही भारतीय टीम ने अब तक इंग्लैंड में कोई अभ्यास मैच ना खेला हो लेकिन भारतीय दल के कई सदस्यों ने सीरीज की शुरुआत से पहले टूर गेम खेले हैं।

## पिता के विश्वास ने निकहत जरीन को बनाया दुनिया का दिग्गज मुक्केबाज



**नई दिल्ली,** 13 जून (एजेंसियां)। भारत में हॉकी के बाद क्रिकेट सर्वाधिक लोकप्रिय खेल के रूप में उभरा है। बेशुमार पैसे की बदौलत आज भी क्रिकेट देश में युवाओं की पहली पसंद है। लेकिन, माहौल बदल रहा है। क्रिकेट को दूसरे खेलों से चुनौती मिल रही है। इसमें पुरुषों के अलावा कई महिलाओं ने भी अहम योगदान दिया है। इसी कड़ी में एक बड़ा नाम मुक्केबाज निकहत जरीन का है। मुक्केबाजी को देश में पुरुषों का खेल माना जाता रहा है। लेकिन, चीजें बदली हैं। अब भारत में मुक्केबाजी से महिलाएं अछूती नहीं हैं। मैरीकॉम के बाद इस खेल में जिस खिलाड़ी ने बड़ी उम्मीद जगाई है, वह हैं निकहत जरीन। 14 जून 1996 को तेलंगाना (पूर्व में आंध्रप्रदेश) के निजामाबाद में जन्मी निकहत का मुक्केबाजी से परिचय उनके पिता मोहम्मद जमील अहमद ने कराया था। इसके लिए उन्हें परिवार, पड़ोसी और रिश्तेदारों से ताने सुनने पड़े। लेकिन, उन्हें अपनी बेटी पर भरोसा था, जिसका परिणाम आज दुनिया के सामने है।

## सुरुचि 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पहुंचीं, मनु चूकीं

शूटिंग विश्व कप



- सुरुचि ने फाइनल में कुल 243.6 अंक हासिल किए और हमवतन मनु को हराया

**म्यूनिख,** 13 जून (एजेंसियां)। सुरुचि इंदर सिंह ने शुक्रवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) शूटिंग विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में 10 मीटर एयर पिस्टल महिलाओं के फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर कट बनाने से चूक गईं। सुरुचि ने 20 इनर 10 के साथ 588 अंक बनाए और क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहीं, चीन की याओ कियानक्सुन के बाद, जिन्होंने 589 - 213 के क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड जूनियर के साथ क्वालीफिकेशन चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस बीच, मनु 574 - 143 शूटिंग के बाद 25वें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने में विफल रहीं, जबकि एक अन्य भारतीय पलक 570 - 183 के साथ 36वें स्थान पर रहीं। दिलचस्प बात यह है कि सुरुचि ने इस साल अप्रैल में पेरू में आईएसएसएफ विश्व कप 2025 लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मनु को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता था। सुरुचि ने फाइनल में कुल 243.6 अंक हासिल किए और हमवतन मनु को हराया, जो दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिन्होंने 242.3 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। यह इस साल आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सुरुचि का लगातार दूसरा स्वर्ण था। हरियाणा के झज्जर की 19 वर्षीय खिलाड़ी ने अप्रैल की शुरुआत में ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण पदक जीता था, जो सीनियर विश्व कप में उनका पहला पोडियम फिनिश था। इस बीच, पेरू में मनु का रजत पदक पेरिस 2024 ओलंपिक में दोहरा कांस्य पदक जीतने के बाद उनका पहला पदक था। वह ब्यूनस आयर्स से खाली हाथ लौटी थीं। हालांकि, म्यूनिख में एक अन्य भारतीय, संयम, जो रैंकिंग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, ने 580 - 233 का स्कोर बनाया। इससे पहले, पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन ने पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों की संख्या में इजाफा किया था।

## अल्टीमेट खो-खो सीजन 3 की शुरुआत 29 नवंबर से



- इस अवसर पर हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे



> श्री यादव ने वादा किया कि हरियाणा में खो-खो को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा और खिलाड़ियों को अधिक सुविधाएं व रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

**गुरुग्राम,** 13 जून (एजेंसियां)। खो-खो के वैश्वीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने घोषणा की है कि आगामी तीसरे सीजन की अल्टीमेट खो खो (यूकेके) खिलाड़ियों की नीलामी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। यह घोषणा शुक्रवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह टरसेन्टेनरी (एसजीटी) विश्वविद्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केकेएफआई अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने की। मित्तल ने यह भी बताया कि अल्टीमेट खो खो सीजन 3 की शुरुआत 29 नवंबर 2025 से की जाएगी, जो भारत की पेशेवर खो-खो लीग के लिए एक नया अध्याय होगा। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री (युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल, कानून एवं विधायी कार्य) गौरव गौतम भी उपस्थित थे। उन्होंने केकेएफआई द्वारा खो-खो को वैश्विक मंच पर ले जाने के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह हरियाणा में खेल विकास को भी गति देगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अन्य प्रमुख अतिथियों में एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. हेमंत वर्मा, एसजीटी विश्वविद्यालय की गवर्निंग बॉडी के सदस्य अमृत सिंह चावला और हरियाणा खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह यादव शामिल थे। श्री यादव ने वादा किया कि हरियाणा में खो-खो को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा और खिलाड़ियों को अधिक सुविधाएं व रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान यह भी घोषणा की गई कि खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया और एसजीटी विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसका उद्देश्य पारंपरिक खेलों, विशेषकर खो-खो, के लिए शैक्षणिक और वैज्ञानिक संसाधनों का विकास करना है। सुधांशु मित्तल ने कहा कि खो-खो आज भारत की खेल नवाचार और महत्वाकांक्षा का प्रतीक बन चुका है। अल्टीमेट खो खो सीजन 3 की शुरुआत 29 नवंबर से हो रही है।

## बिग बैश में सिक्सर्स के लिए खेलेंगे बाबर

**लाहौर,** 13 जून (एजेंसियां) पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आज़म को अगले सप्ताह के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले सिडनी सिक्सर्स ने अनुबंधित किया है जिसके बाद वह पहली बार बिग बैश में खेलेंगे। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान, टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के इतिहास में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 30 वर्षीय बाबर ने 320 टी20 मैच खेले हैं, और हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर ज़ालमी के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ़ पाकिस्तान की हालिया टी20 सीरीज़ के लिए नहीं चुना गया था। बाबर ने कहा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीगों में से एक में खेलना और इतनी सफल और सम्मानित फ़्रैंचाइज़ी का हिस्सा बनना एक रोमांचक अवसर है। सिक्सर्स 2024-25 सीज़न में दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन प्ले-ऑफ़ में लगातार हार का सामना करना पड़ा।

## सार संक्षेप

### कोलकाता टाइगर्स की महिलाओं ने सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स को हराया

**कोलकाता।** बंगाल प्रो टी20 लीग 2025 के दूसरे दिन गुरुवार को लक्स श्याम कोलकाता टाइगर्स की महिला टीम ने सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स को रोमांचक मुकाबले में आठ विकेट से हराया वहीं एडमस हावड़ा वारियर्स की पुरुष टीम ने सिलीगुडी टाइगर्स को चार विकेट से हरा दिया। इस बीच भारत और बंगाल के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज़ रिद्धिमान साहा, जो बंगाल प्रो टी20 लीग के दूसरे सीज़न के लिए सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स से मेंटर के रूप में जुड़े हैं, को अपनी टीम से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। 40 टेस्ट, 9 वनडे और 255 टी20 मैचों में विकेट के पीछे अपनी बेहतरीन क्षमताओं का प्रदर्शन कर चुके साहा, अब सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की पुरुष और महिला दोनों टीमों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। साहा ने कहा कि हमने एक यूनिट के रूप में बहुत मेहनत की है। ट्रेनिंग में जो एनर्जी दिखी है, खिलाड़ियों के बीच जो तालमेल बना है और जिस तरह से हर कोई खुद को साबित करने के लिए बेताब है, उससे मुझे पूरा यक़ीन है कि सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स इस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करेगा और टीम की काबिलियत को दिखाएगा।

### अकरम ने की अपनी प्रतिमा की तारीफ, सोशल मीडिया में बना मजाक

**कराची।** पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी नई प्रतिमा के निर्माण में किए गए 'प्रयास' की प्रशंसा की। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर उसका मजाक उड़ाया जा रहा है। हैदराबाद के नियाज स्टेडियम के बाहर स्थित इस प्रतिमा में अकरम को पाकिस्तान की 1999 विश्व कप किट में दिखाया गया है, जिसमें वे उपविजेता रहे थे। इसमें अकरम को उनके शानदार गेंदबाजी एक्शन में दिखाया गया है, लेकिन उनके चेहरे की विशेषताओं और बालों की ऑनलाइन आलोचना की गई है।

कुछ लोगों ने कहा कि यह अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन से अधिक मिलती-जुलती है, जबकि अन्य ने इसे दस प्रतिशत सीमेंट और 90 फीसदी निराशा का प्रतीक बनाया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अकरम ने मूर्तिकार के प्रयास के लिए धन्यवाद और प्रशंसा के साथ एक्स पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपनी मूर्ति के पास ही एक अन्य मूर्ति का हवाला देते हुए पोस्ट किया, कि हैदराबाद के नियाज़ स्टेडियम में मेरी मूर्ति स्थापित किए जाने के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। मेरी मूर्ति निश्चित रूप से बाघ से बेहतर है। यह विचार ही मायने रखता है।

### स्मिथ उंगली में चोट लगने के बाद मैदान से हुये बाहर

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया को उस समय बड़ा झटका लगा जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन कैच लेने के प्रयास में स्टीव स्मिथ की उंगली में चोट लग गई।तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा का कैच लेने के प्रयास में स्मिथ उंगली में चोट लगा बैठे। उस समय बावुमा सिर्फ दो रन पर थे। स्मिथ की उंगली में चोट लगने के कारण उन्हें उपचार के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

मुख्यमंत्री ने की मध्यप्रदेश मेट्रो रेल परियोजना की समीक्षा, दिए निर्देश

# मेट्रो रेल परियोजना के कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मेट्रो रेल परियोजना के कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा का ध्यान रखते हुए पूरे किए जाएं। भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण और अन्य संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे कार्य के दौरान कोई कठिनाई नहीं आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्यप्रदेश मेट्रो रेल परियोजना की समीक्षा कर रहे थे।



## भोपाल मेट्रो रेल परियोजना

भोपाल मेट्रो रेल परियोजना को नवंबर 2018 में मंजूरी दी गई। भोपाल मेट्रो की दोनों लाइन की कुल वास्तविक लंबाई लगभग 30 किलोमीटर है और इसके 30 स्टेशनों में ये 2 भूमिगत स्टेशन शामिल हैं। जिसकी लागत 10 हजार 033 करोड़ रूपए अनुमानित है। शुरुआत में यहां 3 कार वाली कुल 27 ट्रेन संचालित होंगी। भविष्य में मेट्रो की कार संख्या बढ़ाकर 6 की जा सकती है। ऑरेंज लाइन-करोंद चौराहा से एम्स साकेत नगर तक और ब्लू लाइन- भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक होगी। मेट्रो डिपो सुभाष नगर में स्थापित होगा।

## इंदौर मेट्रो रेल परियोजना

राज्य सरकार ने इंदौर मेट्रो ट्रेन परियोजना को नवंबर 2018 में स्वीकृति प्रदान की थी। इस परियोजना की कुल लंबाई 31 किलोमीटर से अधिक है, 7 भूमिगत सहित जिसमें कुल 28 स्टेशन बनाए गए हैं। यहां पहले फेज में 3 कार वाली ट्रेन की शुरुआत हो चुकी है। आगामी वर्षों में मेट्रो ट्रेन बढ़ाकर 25 और मेट्रो कार संख्या आवश्यकतानुसार 6 तक बढ़ाई जा सकती है। इंदौर मेट्रो परियोजना की कुल लागत 12 हजार 088 करोड़ रूपए अनुमानित है। यलो लाइन के प्रमुख स्टेशन- गांधी नगर, आईएसबीटी, विजय नगर चौराहा, पत्रकार कॉलोनी, रेलवे स्टेशन, राजवाड़ा, बड़ा गणपति, एयरपोर्ट हैं। मेट्रो डिपो गांधी नगर में स्थापित होगा।

मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में लिया निर्णय

# समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द की खरीदी करेगी सरकार




केन्द्र को भेजा प्रस्ताव, 19 से प्रारंभ होगा पंजीयन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की बेहतरी के लिये सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किये जाने संबंधी निर्णय लेकर प्रस्ताव केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को भेजा है। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 19 जून से प्रारंभ होगा। इस संबंध में संबंधित विभाग एवं एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये कृषि आधारित उद्योग लगाने में भी मदद कर रही है। किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम दिलाने के लिये प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान संघों से हुई चर्चा में आश्वस्त किया कि हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की बेहतरी के लिये डबल इंजन की सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को उन्नत बीज और उन्नत कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश में निरंतर कृषि मेलों का आयोजन कर रही है। उल्लेखनीय है कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग भारत सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रूपये प्रति क्विंटल और उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7400 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। प्रदेश के 36 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक मूंग फसल कटाई और प्रदेश के 13 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक उड़द फसल की कटाई की जाती है। प्रदेश में मूंग का संभावित क्षेत्राच्छादन 14.35 लाख हेक्टेयर, संभावित उत्पादन 20.23 लाख मीट्रिक टन है। इसी प्रकार उड़द का संभावित क्षेत्राच्छादन 0.95 लाख हेक्टेयर, संभावित उत्पादन 1.24 लाख मीट्रिक टन है।

# पचमढ़ी में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग आज से, शाह करेंगे शुभारंभ



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा का 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 14 जून को पचमढ़ी में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ग का शुभारंभ दोपहर 3 बजे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे एवं समापन 16 जून को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में होगा। श्री शर्मा ने आज मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसदों-विधायकों का नियमित प्रशिक्षण वर्ग 14, 15 और 16 जून को पचमढ़ी में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ग में 201 जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष , राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सी.आर. पाटिल, शिवराज सिंह चौहान, श्रीमती सावित्री ठाकुर एल. मुरुगन, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह अलग-अलग सत्रों में सांसदों-विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में सैद्धांतिक, व्यवहारिक एवं अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। श्री ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष' पर और भाजपा की जनसंघ से लेकर वर्तमान समय तक की यात्रा पर केंद्रित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान सभी सांसद और विधायक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी करेंगे।

मंत्री सारंग ने ली सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

# सहकार से समृद्धि विजन पर समयबद्ध रूप से हो काम



**भोपाल, देशबन्धु।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निर्धारित सहकार से समृद्धि के विज़न के अंतर्गत दी गई गाइड-लाइन्स का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री श्री सारंग ने आगामी 20 जून को भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित उच्च स्तरीय बैठक के लिए राज्य स्तर पर की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री सारंग शुक्रवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल भी बैठक में उपस्थित थे। मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प की सिद्धि के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की हर योजना को हर गाँव, हर पंचायत, हर किसान और हर सहकारी संस्था तक पूरी प्रतिबद्धता के साथ शत-प्रतिशत क्रियान्वयन तय समय-सीमा में प्राथमिकता के साथ हो।

बैठक में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक विपणन संघ अलोक कुमार सिंह, उप सचिव मनोज सिन्हा, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मनरेगा परिषद का अभिनव नवाचार बना अन्य राज्यों के लिए उदाहरण

# सिपरी सॉफ्टवेयर से प्रभावित हुआ महाराष्ट्र का दल, की सराहना

## राज्य में पहली बार वैज्ञानिक पद्धति से हुआ जल संरचनाओं के निर्माण स्थलों का चयन

**भोपाल, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से महाराष्ट्र सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के छह सदस्यीय दल ने शुक्रवार को उनके शासकीय निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर वर्षा जल के संचयन और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए किए जा सकने वाले प्रयासों पर विस्तृत चर्चा हुई। महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों ने इस दौरान मध्यप्रदेश में वर्षा जल और भूजल प्रबंधन को लेकर किए जा रहे कार्यों और नवाचारों की सराहना की। खासतौर पर दल ने जल गंगा संवर्धन अभियान और सिपरी सॉफ्टवेयर की प्रशंसा की। इस अवसर पर मनरेगा आयुक्त-संचालक वाटरशेड मिशन अवि प्रसाद, महाराष्ट्र सरकार के वाटरशेड विभाग के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलाकर रणदिवे, अवर सचिव मृदा एवं संरक्षण विभाग देवेन्द्र भामरे, प्रकाश पाटिल, क्षेत्रीय जल संरक्षण अधिकारी दिलीप निपाने, जीआईएस विशेषज्ञ अमोल विधाते और असिस्टेंट इंजीनियर अविनाश देवपारे शामिल रहे।



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश मनरेगा परिषद द्वारा किए गए नवाचारों का अध्ययन करने के लिए महाराष्ट्र सरकार का यह छह सदस्यीय दल 12 जून को दो दिवसीय दौरे पर भोपाल आया। दल के सदस्यों ने फील्ड में जाकर सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित किए गए खेत तालाब और अमृत सरोवरों के निर्माण स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने सिपरी सॉफ्टवेयर के कार्य को गहराई से देखा और उसकी तकनीकी कार्यप्रणाली की सराहना की। यह पहला अवसर है जब मध्यप्रदेश में सॉफ्टवेयर की मदद से वैज्ञानिक पद्धति से खेत तालाब और अमृत सरोवरों के निर्माण स्थलों का चयन किया गया।

भोपाल आगमन के पश्चात दल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी और मनरेगा आयुक्त-संचालक वाटरशेड मिशन अवि प्रसाद से पृथक से भेंट कर विस्तृत चर्चा की। पहले दिन 12 जून को अधिकारियों ने भोपाल जिले की जनपद पंचायत बैरसिया की ग्राम पंचायत गुनगा एवं जैतपुर का भ्रमण किया, जहां उन्होंने सिपरी सॉफ्टवेयर से चिन्हित खेत तालाब और अमृत सरोवरों के निर्माण स्थल देखे। इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों से चर्चा भी की। शुक्रवार को दल ने रायसेन जिले के सांची विकासखंड का भ्रमण किया और वहां भी सिपरी सॉफ्टवेयर की कार्यप्रणाली को देखा व आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं।

# संविदा कर्मचारियों का वेतन बढ़ा अब 25 सौ रुपए ज्यादा मिलेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** सरकार ने प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि कर दी है। वित्त विभाग ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर उनके वेतन में 2.94 प्रतिशत की दर से वार्षिक वृद्धि की है। जिसके आधार पर संविदा कर्मियों के वेतन में करीब 375 से 2500 रुपये तक की बढ़ोतरी हो जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा की गई संविदा कर्मचारियों और शिक्षकों की यह वेतन वृद्धि 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया है। यह वृद्धि संविदा कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए एक सकारात्मक कदम है और इससे उन्हें आर्थिक रूप से राहत मिलेगी।

वहीं इस बढ़ी हुई वृद्धि को लेकर भी प्रतिक्रिया सामने आने लगी है, मध्यप्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने इसे ऊंट के मुंह में जीरा बताया है। अध्यक्ष रमेश राठौर ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कहा है कि संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह जैसे पहले महंगाई भत्ता मिलता था, वही दिया जाए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जो वित्त विभाग बढ़ाता है वह बहुत कम होता है।

# योगेश गौड़ा हत्याकांड: विनय कुलकर्णी को सुप्रीम कोर्ट ने मोहलत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली/धारवाड़, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी को सरेंडर के लिए मोहलत देने से इनकार कर दिया है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए विनय कुलकर्णी की मांग को खारिज कर दिया। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने 6 जून को कुलकर्णी की जमानत रद्द करते हुए एक हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था। बीजेपी नेता योगेश गौड़ा हत्याकांड में आरोपी कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी जमानत पर बाहर हैं। हालांकि उनकी जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

भोपाल में अमृत हरित महा अभियान पर हुई कार्यशाला

# जनभागीदारी से शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाएं, पौधों की सुरक्षा भी हो : शुक्ला

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने कहा है कि बढ़ती आबादी के दबाव के कारण शहरों का पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि जन भागीदारी से हम शहरों में हरित क्षेत्र को बढ़ायें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पौधरोपण के साथ-साथ हम पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला शुक्रवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन में अमृत हरित महा अभियान पर केन्द्रित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण जुड़ी गतिविधियों और पहल का प्रसार करना है। कार्यशाला में समस्त नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि आगामी बारिश के मौसम के दौरान जिन चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण होना है, वहां व्यापक स्तर पर तैयारी की जाये। श्री शुक्ला ने कहा कि शासकीय भवन परिसर, कॉलेज एवं स्कूल परिसर के आस-पास पौधरोपण किया जाये। उन्होंने कहा कि नगरों के कुल क्षेत्रफल का लगभग 20 से 25 प्रतिशत भाग समृद्ध हरित क्षेत्र होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से जिन पेड़ों को आस्था के साथ लगाया जाता रहा है, हम उनको स्थानीय परिस्थिति के अनुसार ज्यादा संख्या में लगा सकते हैं। इनमें आम, जामुन, पीपल, नीम इत्यादि हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने वाले नगरीय निकायों को पुरस्कृत किये जाने की भी पहल की जाना चाहिए। कार्यशाला में अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े, आईआईएफएम के डॉ. योगेश दुबे ने शहरी अधोसंरचना में नीली-हरी अवसंरचना का प्रबंधन, एप्को के रामरतन ने जलवायु परिवर्तन, एसपीए भोपाल के सौरभ पोपली ने शहरी स्थल पर हरित प्रणाली, अपर आयुक्त सुश्री टीना यादव ने पर्यावरण संरक्षण संबंधित कानून और प्रमुख अभियंता प्रदीप मिश्रा ने नगर वनों के विकास की जानकारी दी। कार्यशाला में दिव्यांग पार्क और छिंदवाड़ा में आधुनिक पार्क पर केन्द्रित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। रवीन्द्र भवन परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में नागरिकों ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में खाद, बीज, उन्नत किस्म के पौधे, कृषि और उद्यानिकी के लिये उपयोगी यंत्रों का विक्रय एवं प्रदर्शन किया गया।



## एक करोड़ पौधरोपण का कार्यक्रम

कार्यशाला में नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा कि वर्षा काल के दौरान प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में एक करोड़ पौधरोपण का कार्यक्रम तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि व्यापक पौधरोपण और वृक्षों की सुरक्षा की जिम्मेदारी शत-प्रतिशत जनभागीदारी से सफल हो सकती है। आयुक्त ने कहा कि पौधरोपण के साथ उनकी सुरक्षा से जुड़ी 3 वर्ष की कार्य योजना बनाये जाना भी जरूरी है। आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक नगर परिषद में एक लाख, नगर पालिका में 5 लाख और नगर निगम में 15 से 20 लाख पौधरोपण की योजना तैयार की जाये। औद्योगिक क्षेत्र की चर्चा करते हुए आयुक्त ने कहा कि पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में वर्षा काल के इस सीजन में 11 लाख पौधरोपण की योजना तैयार की गई है। इसी तरह की योजना मंडीदीप सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी बनाई जा रही है। आयुक्त ने कहा कि हमें अमृत मित्र तैयार करना होंगे, जो इस कार्य में सहयोग करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**परमाणु ठिकाने तबाह, 20.....** रात के समय हमला किया है। इस हमले में सेंटर के उस हिस्से पर भी असर पड़ा जो जमीन के नीचे बना हुआ था। जानकारी के मुताबिक यहां यूरेनियम शुद्ध करने वाली मशीनें (सेंट्रीफ्यूज), बिजली से जुड़े कमरे और बाकी जरूरी तकनीकी ढांचा था। नतांज ईरान का सबसे बड़ा यूरेनियम संवर्धन केंद्र है। यहां यूरेनियम को उच्च स्तर तक संवर्धित किया जाता है, जिससे इसे सैन्य इस्तेमाल यानी परमाणु हथियार बनाने लायक बनाया जा सकता है। इस्राइली वायुसेना ने रात के समय यह हमला किया। इसमें प्लांट के भूमिगत हिस्से को निशाना बनाया गया, जहां कई मंजिलों वाली एक बड़ी संवर्धन हॉल है। सेंट्रीफ्यूज मशीनें लगी हैं जो यूरेनियम को संवर्धित करती हैं। वहीं बिजली की आपूर्ति और तकनीकी नियंत्रण वाले कमरे हैं और प्लांट को चलाए रखने वाला अन्य अहम ढांचा भी है।

दोनों देशों ने की एक-दूसरे पर जवाबी कार्रवाई -इजराइल और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव अब एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। वहीं शुक्रवार की सुबह इजराइल के हमले के बाद दोनों देश एक-दूसरे पर जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं। एक तरफ जहां बेंजमिन नेतन्याहू ने ईरान पर अपनी कार्रवाई को जरूरी बताया है, वहीं ईरान की तरफ से इस्राइल को सजा देने की बात कही गई है। अब आपको बताते हैं कि, इस्राइल ने ईरान पर अपने भीषण हमले को किस तरह अंजाम दिया। तो बता दें कि, इजराइल इस हमले की तैयारी बहुत पहले से कर रहा था, जिसमें इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद ने ईरान के अंदर हथियारों की तस्करी भी की थी। जानकारी के मुताबिक, हमला शुरू होने से पहले ईरान के भीतर ही ड्रोन और अन्य हथियारों को सक्रिय किया गया। ईरान ने नए कमांडर किए नियुक्त-इजराइली हमले में ईरान के दो शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए। इसके बाद ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई ने तुरंत नए सैन्य प्रमुखों की नियुक्ति कर दी है। बता दें कि, जनरल अब्दुर्रहीम मूसेवी को ईरानी सशस्त्र बलों का नया प्रमुख बनाया गया है। इससे पहले वे थल सेना के प्रमुख थे। मोहम्मद पाकपुर को इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) का नया कमांडर बनाया गया है। उन्होंने जनरल होसैन सलामी की जगह ली है। आईआरजीसी ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य इकाई मानी जाती है, जो 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद बनाई गई थी और देश की धार्मिक सरकार का अहम स्तंभ है।

**इमारत की छत पर मिला....** कॉलेज के छात्रावास पर विमान गिरा था, वहां के सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर पुलिस ने जब्त किया गया। डीवीआर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होता है, जो सीसीटीवी कैमरों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सेव करता है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें विमान का ब्लैक बॉक्स खोजने में मदद के लिए कहा गया था। दमकल विभाग के उप प्रमुख ध्रुमित गांधी ने बताया था कि उनकी टीम ने फॉरेंसिक और विमानन विशेषज्ञों के साथ मिलकर ब्लैक बॉक्स ढूंढ़ने में मदद की। इस टीम मेटल कटर जैसे विशेष उपकरण थे। विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था और इसमें 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। गुरुवार दोपहर 1 बजकर 39 मिनट पर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अडड्े से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यह विमान मेघाणीनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के वक्त विमान को अचानक नीचे गिरते हुए देखा गया और फिर वह आग के गोले में बदल गया। वहां से काले धुएं का गुबार आसमान में उठता दिखाई दिया। एअर इंडिया विमान हादसे की जगह पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों और अधिकारियों से गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे की जानकारी ली। पीएम मोदी के साथ नागरिक उड्डयन मंत्री रामनोहन नायडू, गुजरात के गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष संघवी और केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री उस जगह भी गए जिस हॉस्टल पर विमान गिरा था।

**हर उड़ान से पहले बोइंग....** से पहले यह सब चेक होगा। फ्यूल सिस्टम की जांच यानी ईंधन से जुड़े पैरामीटर सही हैं या नहीं। कैबिन में हवा पहुंचाने वाले सिस्टम की जांच। इंजन कंट्रोल सिस्टम की जांच। इंजन में ईंधन डालने और ऑयल सिस्टम की जांच। हाइड्रोलिक सिस्टम की जांच, जो प्लेन के पहिए, ब्रेक कंट्रोल करता है। टेक-ऑफ के आंकड़ों जैसे रफ्तार, वजन की दोबारा समीक्षा। एक नया फ्लाइट कंट्रोल चेक होगा, जो हर स्टॉप पर किया जाएगा। पावर टेस्ट (इंजन ताकत की जांच) अगले 2 हफ्ते में करना अनिवार्य है। पिछले 15 दिन में इन विमानों में जो भी खराबी बार-बार आई है, उसकी जांच पूरी किए बिना कोई मेंटेनेंस बंद नहीं होगा।

**मप्र-उप्र सहित 9 राज्यों....** गुरुवार को अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने से पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने इस हफ्ते रफ्तार पकड़ी है। अनुमान है कि मानसून 25 जून तक उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों को कवर कर लेगा। केरल में 24 मई को मानसून पहुंचा था। यह अपने तय समय से 8 दिन पहले पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ जब मानसून इतनी जल्दी आया है। 2009 में मानसून 9 दिन पहले पहुंचा था। वहीं, पिछले साल 30 मई को दस्तक थी।

**मप्र बनेगा भारत-फ्रांस....** विशेष रूप से कार्य करता है। यह एमओयू दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा, जिससे कला, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

एमओयू के तहत प्रमुख रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा, जिसमें कला उत्सव, संगीत, नृत्य, प्रदर्शनियां, फिल्म स्क्रीनिंग, खानपान और संस्कृति से जुड़े अन्य कार्यक्रम शामिल हैं। प्रतिवर्ष एक समर्पित इंडो-फ्रेंच सांस्कृतिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। साथ ही प्रदेश की पर्यटन प्रचार सामग्री का फ्रेंच भाषा में अनुवाद किया जाएगा और फ्रांसीसी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। पर्यटन क्षेत्र के अधिकारियों और गाइड्स को फ्रेंच भाषा एवं संस्कृति का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह समझौता प्रदेश की सांस्कृतिक रणनीति को बल देगा और स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों, छात्रों तथा सांस्कृतिक संगठनों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा, जिससे मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव उद्योग राघवेंद्र कुमार सिंह, फ्रांस के कौंसुल जनरल जीन-मार्क सेरे-शार्ले, फ्रांसीसी दूतावास के राजनीतिक परामर्शदाता, शाद जॉयनाल आबेदीन और अलायंस फ्रांसेज़ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध पर सीबीआई का शिकंजा, कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में साइबर आधारित वित्तीय अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन 'चक्र-वी' के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली, हिसार, लखनऊ, मुंबई, पुणे और नासिक समेत कुल 10 स्थानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई एक संगठित साइबर निवेश धोखाधड़ी के मामले में की गई।




पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।